राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात·किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 डेविड वार्नर के नाम दर्ज हुआ नया ...

राष्ट्रपति चुनाव के लिए ट्रंप की एक ... 12

वर्ष : 14 | अंक : 268 | नई दिल्ली, शनिवार, 10 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# किसानों को उपज का सही मूल्य मिले, उनकी समृद्धि बढ़ाने के प्रयास तेज हों: मुर्मु

**प्रात : किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किसानों की गरीबी की स्थिति को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनको उसकी उपज का सही मूल्य दिलाने और उनकी समृद्धि बढ़ाने के प्रयास अधिक तेज करने की जरूरत पर बल दिया। श्रीमती मुर्मु ने सरकार द्वारा इस दिशा में उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरने की यात्रा में देश का किसान अग्रदूत होगा। राष्ट्रपति यहां भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के 62वें दीक्षांत समारोह में दीक्षांत भाषण दे रही थीं। उन्होंने कहा, हम सब किसान एवं कृषि संबंधी समस्याओं से अवगत हैं। हमारे कितने ही किसान भाई-बहन आज भी गरीबी में जीवन-यापन कर रहे हैं। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले, वह अभावग्रस्त जीवन से समृद्धि की ओर बढ़े, इस दिशा में हमें और भी तत्परता से आगे बढ़ाना होगा। राष्ट्रपति ने कहा, मुझे पूर्व विश्वास है कि कि वर्ष 2047 में जब भरत विकसित राष्ट्र बन कर उभरेगा, तब भारत का किसान इस यात्रा का अग्रदूत होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में काफी वृद्धि की है ताकि किसानों को आय सुरक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि जैविक खेती को बढ़ा देने से मृदा-स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। किसान सम्पदा योजना से देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ किसानों को बेहतर मूल्य पाने में सहायता मिलेगी और यह किसानों की आमदनी दोगुना



करने दिशा में एक बड़ा महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार किसानों की आय को बढ़ाने, नवीन कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए, सिंचाई व्यवस्था सुचारु रूप से उपलब्ध करने के लिए सकरार बहुत तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने इसी संदर्भ में मृदा स्वास्थ्य कार्ड और फसल बीमा योजना का भी उल्लेखनीय किया।

कृषि क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ह्लऐसा कहा जाता है कि किसान के हल की नोक से खींची गयी रेखा सभ्यता के पूर्व के समाज और विकसित समाज के बीच की रेखा है। किसान न केवल विश्व के अन्नदाता हैं ,बल्कि सही अर्थों में जीवनदाता हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत को खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान का योगदान अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान ने न केवल कृषि से संबंधित अनुसंधान एवं विकास कार्यों को कुशलतापूर्वक किया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि ऐसे अनुसंधान जमीन पर दिखें।

उन्होंने कहा, यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि संस्थान ने 200 से अधिक नई प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं। आईएआरआई ने 2005 और 2020 के बीच 100 से अधिक किस्में विकसित की हैं और इसके नाम पर 100 से अधिक पेटेंट हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में एक बड़ी आबादी का जीविकोपार्जन खेती से होता है। भारत की सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का भी महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए यह सुनिश्चित करना काफी आवश्यक है कि हमारी अर्थव्यवस्था का यह आधार यथासंभव बढ़े और इसमें किसी तरह की कोई बाधा न आए।

अधिकतम तापमान 17°C
न्यूनतम तापमान 13°C

**बाजार**

सोना 64,625
चांदी 79,800
सेंसेक्स 71,428
निफ्टी 21,717

## देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से तीनों विभूतियों को मरणोपरांत किया जाएगा सम्मानित

# चौधरी चरण सिंह, पी वी नरसिम्हा राव व डॉ. स्वामीनाथन को भारत रत्न

## यह सम्मान उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित : मोदी


- पीएम मोदी ने खुद एक्स पर पोस्ट के जरिए दी जानकारी

**प्रात : किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी वी नरसिम्हा राव और मशहूर वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद एक्स पर पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने एक पोस्ट में कहा, हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है। एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा, एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में नरसिम्हा राव ने विभिन्न पदों पर रहते हुए भारत की व्यापक सेवा की। उन्हें आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और कई वर्षों तक संसद सदस्य और विधान सभा सदस्य के रूप में किए गए कार्यों के लिए भी याद किया जाता है। मोदी ने कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने, देश की समृद्धि और विकास के लिए एक ठोस नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के रूप में नरसिम्हा राव का कार्यकाल महत्वपूर्ण कदमों से भरा था, जिसने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोला और इससे आर्थिक विकास के एक नए युग की शुरूआत हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके अलावा, भारत की विदेश नीति, भाषा और शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान एक नेता के रूप में उनकी बहुमुखी विरासत को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा, नरसिम्हा राव ने न केवल महत्वपूर्ण परिवर्तनों के माध्यम से भारत को दिशा दी बल्कि उसकी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को भी समृद्ध किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न से नवाजे जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार कृषि और किसान कल्याण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित कर रही है। मोदी ने कहा, उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय में भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय कृषि के आधुनिकीकरण की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास किए। उन्होंने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन के दूरदर्शी नेतृत्व ने न केवल भारतीय कृषि को बदल दिया बल्कि राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा और समृद्धि को भी सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा, वह ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें मैं करीब से जानता था और मैं हमेशा उनकी अंतर्दृष्टि को महत्व देता था। सोनिया गांधी ने जताई खुशीः कांग्रेस की वरिष्ठ नेता व लोकसभा सदस्य सोनिया गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव, हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने पर खुशी जताई है। सोनिया गांधी से शुक्रवार को संसद भवन परिसर में जब मीडियाकर्मियों ने भारत रत्न को लेकर उनका मत जानना चाहा तो उन्होंने कहा, मैं इसका स्वागत करती हूं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला ने कहा कि तीनों व्यक्तियों (चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और स्वामीनाथन) ने देश को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। भारत सरकार ने इन्हें भारत रत्न से नवाजा है। यह खुशी की बात है। इसको राजनीति से परे देखा जाना चाहिए। शुक्ला ने मोदी सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न दिया है वहीं दूसरी तरफ राव के आर्थिक विजन को आगे बढ़ाने वाली टीम के खिलाफ मोदी सरकार श्वेत पत्र लाई है।



भारतरत्न



## भारत रत्न देने की घोषणा का कांग्रेस ने किया स्वागत



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव तथा चौधरी चरण सिंह और महान कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने का स्वागत करते हुए कहा है कि इन तीनों महापुरुषों का देश का देश के विकास में अतुलनीय योगदान रहा है। श्री खड़गे ने सम्मान की घोषणा के बाद गदगद होकर इसका स्वागत करते हुए कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से हम पी वी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और डॉ एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हैं। श्री राव को यह सम्मान देने पर उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पी वी नरसिम्हा राव ने राष्ट्र निर्माण में जबरदस्त योगदान दिया है। उनकी सरकार के तहत भारत ने आर्थिक सुधारों की एक श्रृंखला के साथ एक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू की जिसने आने वाली पीढ़ियों के लिए मध्यम वर्ग को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारत के परमाणु कार्यक्रम में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके कार्यकाल में कई विदेश नीति उपलब्धियां हासिल हुईं जिनमें पूर्व की ओर देखो नीति भी शामिल है। हमारे राष्ट्र की समृद्धि और विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को हमेशा याद रखा जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री ने संसद कैंटीन में सांसदों के साथ किया लंच

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संसद की कैंटीन में सांसदों के साथ दोपहर का भोजन किया। उनके साथ पार्टी लाइन से हटकर और देश के विभिन्न हिस्सों के सांसद शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान सांसदों के साथ कई विषयों चर्चा की। प्रधानमंत्री के साथ आरएसपी नेता एनके प्रेमचंद्रन, डीटीपी नेता राम मोहन नायडू, बीएसपी से रितेश पांडे, भाजपा के लद्दाख सांसद जामयांग नामग्याल, केंद्रीय मंत्री एल मुरुगुन, बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा तथा भाजपा की महाराष्ट्र सांसद हीना गावित शामिल रहीं।

### मोदी सरकार ने जीत लिया दिल : जयंत चौधरी

लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के भारत सरकार ऐलान को राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने भाजपा से गठबंधन पर कहा कि आज मैं किस मुंह से इनकार करूं, मोदी सरकार ने दिल जीत लिया है। उन्होंने एक पत्रकार वार्ता में कहा है कि चौधरी चरण सिंह को बहुत बड़ा सम्मान मिला। आज चौधरी अजित सिंह का सपना पूरा हुआ है। आज का फैसला पीढ़ी दर पीढ़ी याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री देश की मूल भावना समझते हैं। इस फैसले को गठबंधन से न जोड़ा जाए। भाजपा से गठबंधन से इनकार नहीं। नए भारत में चीजें बदल रही हैं। प्रधानमंत्री का फैसला दिल जीतने वाला है।

### राज्यसभा सदस्यों के लिए भाजपा ने जारी किया व्हिप

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने अपने राज्यसभा सदस्यों के लिए शनिवार को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन व्हिप जारी किया है। राज्यसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने बुधवार को पार्टी सांसदों को सरकार के रुख का समर्थन करने के लिए 10 फरवरी को राज्यसभा में उपस्थित रहने के लिए तीन-लाइन व्हिप जारी किया है। वाजपेयी ने कहा कि भाजपा के सभी राज्यसभा सांसदों को सूचना दी जाती है कि राज्यसभा में कुछ अति महत्वपूर्ण विधायी कार्य चर्चा एवं पारित करने के लिए शनिवार को लाए जाएंगे। भाजपा के सभी राज्यसभा सदस्यों से वह निवेदन करते हैं शनिवार को सारे दिन पूरे समय सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर सरकार के पक्ष का समर्थन करें।

## देश में हर रोज 15 किलोमीटर रेल पटरी बिछायी जा रही है: वैष्णव

**प्रात : किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि पिछले 10 वर्षों मंन देश में हर रोज औसतन 15 किलोमीटर रेल पटरी बिछायी जा रही है जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दस वर्षों में यह औसत केवल 04 किलोमीटर थी। श्री वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी दी। रेल परियोजनाओं में देरी से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से लेकर अब तक 30 हजार 336 किलोमीटर रेल पटरी बिछायी गयी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के दस वर्षों में केवल 14,900 किलोमीटर रेल पटरी बिछायी गयी थी। उन्होंने कहा कि रेल पटरी बिछाने के काम में तेजी लाने के लिए पिछले वर्षों में अनेक अड़चनों को हटाया गया है। सरकार ने रेलवे के लिए दो लाख 52 हजार करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। श्री वैष्णव ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि सरकार इंटरनेट को सुरक्षित बनाने और डीपफेक जैसी गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए इंटरमीडियरी रूल्स में संशोधन करने जा रही है।

## संगम में उमड़ा आस्था का ज्वार, डेढ़ करोड़ ने लगाई डुबकी

**प्रात : किरण/एजेंसी**

प्रयागराज। तीर्थराज प्रयाग में माघ मेला के तीसरे सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर दोपहर 12 बजे तक एक करोड़ 40 लाख श्रद्धालु पतित पावनी गंगा, श्यामल यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके थे। संगम किनारे तड़के दूधिया रोशनी के बीच आधी रात के बाद चार से ही महिलाएं, पुरूष, युवा, बच्चे और दिव्यांगों ने हर हर गंगे, ऊं नमः शिवाय, तथा कुछ श्रद्धालु मौन रहकर पुण्य की डुबकी लगानी शुरू कर दी। शीत लहर का झोंका भी श्रद्धालुओं की आस्था को डिगा नहीं पाया। जैसे.जैसे दिन चढ़ता गया श्रधालुओं के कदम संगम



की ओर बढ़ते रहे। बुधवार शाम से श्रद्धालु अपने परिचितों के शिविरों में पहुंचकर ठहरना शुरू कर दिया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुबह से 12 बजे तक एक करोड़ 40 लाख श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगायी। इससे पहले 10 बजे तक एक करोड़ 15 लाख कल्पवासी, साधु-संत एवं दूर दराज से पहुंचे स्नानार्थियों ने स्नान कर चुके थे। मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद ने बताया कि संगम समेत कुल 12 घाट आठ हजार रनिंग फीट में बनाए गए हैं। स्नान घाटों पर महिलाओं के लिए बड़ी संख्या में चेंजिंग रूम बनाए गये हैं। संगम पर तीन दिशाओं में सनान घाट तैयार किए गये हें।

एक तो संगम नोज पर बृहद घाट बनाया गया हैए दूसरा संगम नोज के ठीक सामने अरैल क्षेत्र में और तीसरा गंगा पार झूंसी तरफ घाट तैयार कराया गया है। स्नानए सकुशल आयोजन को मेला प्रशासन मुस्तैद है। सनातन धर्म रक्षक समिति के सलाहकार आचार्य सरस्वती प्रसाद पाण्डे ने बताया कि मौनी अमावस्या पर अबकी ग्रह नक्षत्रों के मिलन से चतुरग्रहीय योग के अद्भुद संयोग बने हैं जिससे स्नान पर्व का महत्व बढ़ गया है।

## पश्चिम बंगाल में नाव हादसा, पांच लापता

**प्रात : किरण/एजेंसी**

हावड़ा। पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में रूपनारायण नदी में एक नाव पलटने के बाद पांच लोग लापता हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। हावड़ा जिले के बेलगछिया, शिबपुर और बगनान से 19 लोगों का एक समूह पिकनिक के लिए पश्चिम मेदिनीपुर जिले के दासपुर के त्रिबेनी पार्क गया था। जब समूह बृहस्पतिवार की रात वापस लौट रहा था तो बीच नदी में उनकी नाव पलट गई। पुलिस ने बताया कि लोगों की चीखें सुनने के बाद बाद अन्य नाव धटनास्थल पर पहुंचीं और जितने संभव हो सके उतने लोगों को बचाया। घटना में पांच लोग लापता हैं जिनके लिए



तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। हावड़ा की जिलाधिकारी दीपाप्रिया पी ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद दो आपदा प्रबंधन दलों और सिविल सुरक्षा कर्मियों को बचाव कार्य में लगाया गया। पुलिस अधीक्षक स्वाति भंगालिया ने कहा कि बचाव कार्य जारी है।

**तंज** | संप्रग सरकार के कार्यकाल के दौरान हुये कोयला घोटाले से देश का भयंकर नुकसान हुआ

## संप्रग सरकार रह जाती तो ईश्वर ही जाने देश का क्या होता: सीतारमण

**प्रात : किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के वर्ष 2004 से 2014 के बीच के कार्यकाल के दौरान देश की अर्थव्यवस्था की हालत बदतर कर दी गयी थी और यदि वही सरकार बनी रहती तो ईश्वर ही जाने देश का क्या हाल होता। श्रीमती सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था की 2004 से 2024 की अवधि की दो गठबंधनों की सरकारों के समय की तुलनात्मक स्थिति पर प्रस्तुत श्वेतपत्र पर सदन में चर्चा की शुरूआत करते हुये कहा कि यह महत्वपूर्ण दस्तावेज



है और इसे गंभीरता से लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि 2010 के नयी दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों में करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ, जिससे भारत पूरी दुनिया में बदनाम हुआ। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी20 सम्मेलन पूरे देश को साथ लेकर इतने बेहतर तरीके से संपन्न करवाया कि भारत का पूरी दुनिया में सम्मान बढ़ा। उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार के कार्यकाल के दौरान हुये कोयला घोटाले से देश का भयंकर नुकसान हुआ। गुटखा बनाने वाली कंपनियों के मालिकों तक को कोयला ब्लॉक के लाइसेंस दिये गये थे। कोयला खदान आवंटन घोटाला इतना बड़ा था कि उच्चतम न्यायालय को ऐसे 214 लाइसेंस रद्द करने पड़े। उन्होंने कहा कि हालत इतनी खराब हुई कि देश में भरपूर कोयला होने के बावजूद कोयले का आयात करना पड़ा। वित्त मंत्री ने कहा, इन्होंने कोयले को राख बनाया। हमने अपनी नीतियों से कोयले को हीरा बना दिया। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि संप्रग सरकार के कार्यकाल के दौरान बैंकों से खिलवाड़ किया गया। अनाप-शनाप कर्ज बांटे गये। वर्ष 2004 से 2014 तक फोन बैंकिंग से कर्ज का चलन शुरू हुआ, ह्यफोन घुमाओ, लोन पाओह्न की व्यवस्था के कारण बैंकों की कमर तोड़ दी गयी। सिफारिशी कर्ज के कारण बैंकों के सामने अवरुद्ध कर्जों ( एनपीए) का संकट खड़ा हो गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 2014 में सत्तारूढ़ होने के बाद से बैंकों की स्थिति में सुधार में अनेक कार्य किये गये। आज बैंक अच्छे स्तर पर हैं। वे जनकल्याण का कारण बन रहे हैं। बैंक सरकार को लाभांश दे रहे हैं जिससे जन कल्याण की योजनायें चलायी जा रही हैं।

## आम चुनाव 2024 : देश में कुल 96.88 करोड़ पंजीकृत मतदाता

**प्रात : किरण**

नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने आगामी आम चुनावों के लिए मतदाता सूची को अपडेट कर लिया है। आयोग के अनुसार देश में कुल 96.88 (96 करोड़ 88 लाख 21 हजार 926) करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। दुनिया में सबसे बड़ी यह मतदाता संख्या तय करेगी कि देश में अगली सरकार किसकी होगी। आयोग के अनुसार 1 जनवरी, 2024 की अर्हता तिथि के साथ महीनों लंबे गहन विशेष सारांश संशोधन 2024 (एसएसआर 2024) अभ्यास के बाद आम चुनाव 2024 से पहले देश भर के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। इसमें निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर और असम में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण भी शामिल हैं। आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 2019 के चुनावों में 89.6 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। इस बार महिला मतदाता पंजीकरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इनकी संख्या 43.1 करोड़ से बढ़कर 47.1 करोड़ हो गई है। मतदाता सूची में 2.63 करोड़ से अधिक नए मतदाताओं को शामिल किया गया है। इनमें से लगभग 1.41 करोड़ महिला मतदाता हैं।

यह नए नामांकित पुरुष मतदाताओं ( 1.22 करोड़ ) से 15 प्रतिशत अधिक हैं। लिंग अनुपात 2023 में 940 से बढ़कर 2024 में 948 हो गया है। 18-19 और 20-29 आयु वर्ग के 2 करोड़ से अधिक युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया है। आयोग का कहना है कि सत्यापन के बाद 1 करोड़ 65 लाख 76 हजार 654 मृतकों और स्थायी रूप से स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। इनमें 67 लाख 82 हजार 642 मृत मतदाता, 75 लाख 11 हजार 128 स्थायी रूप से स्थानांतरित/अनुपस्थित मतदाता और 22 लाख 5 हजार 685 डुप्लीकेट मतदाता शामिल हैं। आयोग के अनुसार पुरुष मतदाता 49 करोड़ 72 लाख 31 हजार 994 और महिला मतदाता 47 करोड़ 15 लाख 41 हजार 888 हैं। तृतीय लिंग मतदाता 48 हजार 44 और दिव्यांग मतदाता 88 लाख 35 हजार 449 हैं। 18-19 आयु वर्ग के तहत 1 करोड़ 84 लाख 81 हजार 610 मतदाता हैं जबकि 20-29 आयु वर्ग के तहत 19 करोड़ 74 लाख 37 हजार 160 मतदाता हैं। 80 वर्ष से अधिक आयु वाले 1 करोड़ 85 लाख 92 हजार 918 मतदाता हैं। 100 साल से अधिक आयु वाले मतदाताओं की संख्या 2,38,791 है। मतदाता-जनसंख्या (ईपी) का अनुपात 66.76 प्रतिशत है।।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 10 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी, चंपावत के एक दिन में दो चक्कर लगाएगा हेलीकॉप्टर



**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़, चंपावत के लिए बुधवार को हुआ ट्रायल सफल रहा। डीजीसीए की अनुमति मिलने के बाद ये सेवा शुरू हो जाएगी।
हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़, चंपावत के लिए बुधवार को हुआ ट्रायल सफल रहा। डीजीसीए की अनुमति मिलने के बाद ये सेवा शुरू हो जाएगी। हेलीकॉप्टर एक दिन में इन स्थानों के दो चक्कर लगाएगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार दूरस्थ मुनस्यारी, पिथौरागढ़ और चंपावत हैली सेवा शुरू होगी। बुधवार को गौलापार स्थित हैलीपेड से इसका ट्रायल किया गया। उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा ने बताया कि हेरिटेज एविएशन और यूकाडा की टीम ने ट्रायल किया। डीजीसीए की टीम स्वीकृति देगी। इसके बाद सात सीटर हेलीकॉप्टर प्रतिदिन दो चक्कर लगाएगा। एसडीएम वर्मा ने बताया कि चंपावत के लिए प्रति व्यक्ति किराया 2500 रूपये, पिथौरागढ के लिए 3000 और मुनस्यारी के लिए 3500 रूपये प्रति व्यक्ति प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार किराए में सब्सिडी दी जा रही है। इस दौरान डीजीसीए, यूकाडा, हेरिटेज एविएशन की टीम के साथ तहसीलदार सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में अंडों पर लगी मिली फफूंद



**जसपुर, एजेंसी।** तहसीलदार के औचक निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए फफूंद लगे अंडे पाए गए। इस दौरान खाद्य सामग्री एक्सपायरी हालत में देख तहसीलदार ने केंद्र सहायिका को फटकार लगाई। तहसील क्षेत्र के ग्राम मनोरथपुर प्रथम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित रसोई घर का तहसीलदार शुभांगिनी सिंह ने औचक निरीक्षण किया। उन्हें रसोई घर में रखा अधिकतर सामान दाल, पोहा आदि एक्सपायरी मिला और अंडों पर फफूंद लगी थी। अनुपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रूकमन को बैठक में होना बताया गया है जिसकी जांच की जा रही है।

### थानो वन रेंज में मनाया गया अग्नि सुरक्षा सप्ताह

**ऋषिकेश, एजेंसी।** थानो वन रेंज के अंतर्गत एक से सात फरवरी तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाते हुए स्कूलों, वन पंचायतों आदि में छात्र-छात्राओं और लोगों को जागरूक किया गया। थानो वन रेंज की ओर से अब तक प्राथमिक विद्यालय भोगपुर, कालूवाला, सैन चौकी, कौडसी आदि में सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरुकता अभियान चलाया गया। रेंजर एनएल डोभाल ने कहा कि आग लगाने से पक्षियों के अंडे नष्ट हो जाते हैं। इसलिए वनों को आग से बचाया जाना चाहिए। जंगलों में आग लगाने पर वन अधिनियम के तहत सजा का प्रावधान भी है। जंगलों में आग लगने पर इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को देनी चाहिए।

# शेवनिंग छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत राज्य के 10 ग्रेजुएट को पोस्ट ग्रजुएट के लिए यूनाइटेड किंगडम में अध्ययन करने का मिलेगा अवसर

## 05 छात्र और 05 छात्राएं इस योजना के तहत पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री प्राप्त करने के लिए जायेंगे

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इस सबंध में शेवेनिंग इंडिया की प्रमुख सुप्रिया चावला ने सचिवालय में की भेंट
- उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही है उच्च शिक्षा मेधावी छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना



प्रात: किरण, संवाददाता

शेवेनिंग अंतरराष्ट्रीय छात्रवृत्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य सरकार 10 ग्रेजुएट छात्रों को यूनाइटेड किंगडम में अध्ययन का अवसर मिलेगा। जिसमें पांच छात्र और पांच छात्राएं शामिल होंगी। इस सबंध में शेवेनिंग इंडिया की प्रमुख सुप्रिया चावला ने सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। उन्होंने कहा कि शेवनिंग चार दशकों से 160 देशों में काम कर रहा है। संगठन द्वारा उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को इंग्लैंड के किसी भी विश्वविद्यालय में प्रवेश की सुविधा प्रदान करता है, जिसकी लागत आमतौर पर एक वर्ष के लिए 40 लाख रुपये होती है। राज्य सरकार इस लागत में 20 लाख रुपये का योगदान देती है और शेवनिंग इंडिया शेष 20 लाख रुपये वहन करता है, जिससे बच्चे विश्वविद्यालय पढ़ाई में कुशल बन सकें। शेवेनिंग छात्रवृत्ति के लिए सफल विद्यार्थियों को उनकी नेतृत्व क्षमता और शैक्षणिक उत्कृष्टता के आधार पर चुना जाता है। शेवेनिंग ने दुनिया भर में कई प्रभावशाली नेताओं और परिवर्तन-निमार्ताओं को तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को आगे लाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा मेधावी छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के सरकारी महाविद्यालयों के जिन मेधावी छात्र-छात्राओं को इस छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेश भेजा जा रहा है, उनको अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने और आवश्यक कौशल और ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगोली, सचिव डॉ.बी.वी.आर. सी. पुरुषोत्तम उपस्थित थे।

# दो दिन हल्द्वानी, भवाली और रुद्रपुर से चलेंगी काठगोदाम डिपो की बसें

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
काठगोदाम डिपो में 18 फरवरी को शिलान्यास कार्यक्रम को देखते हुए परिवहन निगम ने दो दिनों के लिए बसों का तीन डिपो में बंटवारा कर दिया है। इस दौरान सभी वॉल्वो बसों का संचालन हल्द्वानी डिपो से किया जाएगा, जबकि निर्माण कार्य शुरू होने के बाद भी इसी तरह से व्यवस्था बनाने की योजना लागू होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 18 फरवरी को सुबह 11 बजे काठगोदाम डिपो परिसर स्थित कार्यशाला क्षेत्र में बस अड्डे का शिलान्यास करेंगे। इसके लिए अब एआएम कार्यालय सहित बसों को शिफ्ट करने की कवायद होने लगी है। परिवहन निगम ने फिलहाल 17 और 18 फरवरी के लिए योजना बना ली है। इसे तीन हिस्सों में बांटा गया। काठगोदाम डिपो से हर दिन 97 बसों का संचालन होता है। डिपो की पहाड़ में चलने वाली 13 बसों का संचालन अब भवाली डिपो से किया जाएगा, जबकि नैनीताल और भवाली चलने वाली अन्य पर्वतीय बसें हल्द्वानी डिपो चलाएगा। वहीं काठगोदाम डिपो में शामिल 27 अनुबंधित बसों को भी दो दिन के लिए हल्द्वानी डिपो को दिया गया है, जिनका संचालन दिल्ली, बरेली रूट पर किया जाता है। निगम की अपनी 52 बसों में से दिल्ली रूट पर चलने वाली 16 बसों का संचालन रुद्रपुर डिपो से किया जाएगा, जबकि रामनगर रूट से पंजाब, चंडीगढ़, देहरादून आदि जगहों को जाने वाली 16 बसें हल्द्वानी डिपो संचालित करेगा। वहीं काठगोदाम में निर्माण कार्य शुरू होने के बाद भी यह व्यवस्था लागू हो सकती है।

शिलान्यास के बाद उत्तराखंड पेयजल निर्माण निगम बस अड्डे के निर्माण के लिए वहां मौजूद निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर देगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था ने बाकायदा टेंडर भी कर दिया है। बताया जा रहा है कि मंडलीय कार्यालय के पास एआरएम कार्यालय शिफ्ट किया जाएगा।

एजीएम कार्मिक, मनोज दुर्गापाल ने बताया कि सिर्फ दो दिन के लिए काठगोदाम डिपो से संचालित बसों के संचालन की अस्थायी व्यवस्था की गई है। पहाड़ की बसें भवाली डिपो से चलेंगी, जबकि मैदानी क्षेत्र में हल्द्वानी, रुद्रपुर से बसें चलेंगी। निर्माण कार्य शुरू होने की स्थिति में नई व्यवस्था बनायी जा सकती है।

## एंबुलेंस में छह घंटे तड़पने के बाद प्रसूता ने दम तोड़ा

**हल्द्वानी, एजेंसी।** पहाड़ के सरकारी अस्पताल रेफर सेंटर ही बनकर रह गए हैं। वहां न पर्याप्त डॉक्टर हैं न मशीनें। पौड़ी के सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद जब महिला की हालत बिगड़ी तो उसे रामनगर सीएचसी रेफर किया गया। यहां से डॉक्टरों ने उसे सुशीला तिवारी अस्पताल भेज दिया। प्रसूता छह घंटे एंबुलेंस में तड़पती रही। सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में प्रसूता का पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया था।

मैठाड़ा ग्वीन मल्ला पौड़ी निवासी अमित गौनियाल यहां अपनी 24 वर्षीय पत्नी रेनू के साथ रहते थे। रेनू गर्भवती थी और मंगलवार को प्रसव पीड़ा होने पर अमित उसे लेकर गांव के पास स्थित बीरोखाल के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां रेनू ने एक बच्ची को जन्म दिया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। उसे अधिक रक्त स्राव होने लगा। डॉक्टरों ने रामनगर सीएचसी के लिए रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस से रेनू को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उसकी हालत अधिक खराब होने पर सुशीला तिवारी के अस्पताल भेज दिया।

रेनू के पति अमित ने बताया कि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर बुधवार सुबह मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में डॉक्टरों ने रेनू के शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मौत की वजह अत्यधिक रक्तस्राव को माना जा रहा है।

# सत्ता में आते ही अग्निवीर योजना खत्म करेगी कांग्रेस, 1.5 लाख युवाओं को किया जाएगा भर्ती

**नैनीताल, एजेंसी।**
कांग्रेस के राष्ट्रीय सलाहकार गुरदीप सिंह सप्पल ने युवाओं को आश्वासन दिया कि सत्ता में आते ही कांग्रेस अग्निवीर योजना को खत्म करेगी जिससे पूर्व की तरह आर्मी और नेवल विंग में भर्ती हो सके।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सलाहकार व सीडब्ल्यूसी के स्थायी सदस्य गुरदीप सिंह सप्पल ने युवाओं को आश्वासन दिया कि सत्ता में आते ही कांग्रेस अग्निवीर योजना को खत्म करेगी जिससे पूर्व की तरह आर्मी और नेवल विंग में भर्ती हो सके। पूर्व में परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके व चिकित्सा परीक्षण के बाद ज्वाइनिंग लेटर प्राप्त कर चुके 1.5 लाख युवाओं को भी नौकरी दी जाएगी। इसमें उनकी आयु सीमा की बाध्यता को दरकिनार कर आवश्यक छूट दी जाएगी।

गुरदीप सप्पल ने बुधवार को नैनीताल रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में युवा कांग्रेस व एनएसयूआई की ओर से आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं को उनके भविष्य की सुरक्षा का आश्वासन दिया। चुटकी लेते हुए कहा कि जो स्कूल गया ही नहीं, वह युवाओं का यह दर्द कैसे समझ सकता है। कहा कि फौज का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। उसके लिए अग्निवीर के तौर पर अस्थायी व्यवस्था करना न देश के लिए उचित है और न ही युवाओं के लिए न्यायोचित। भाजपा सरकार देश को बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ने का दावा करती है, लेकिन सरकार के पास न तो फौज के लिए पैसा है और न कर्मचारियों की पेंशन के लिए। सप्पल ने आजादी के बाद के कांग्रेस के शोध संस्थान, कृषि संस्थान, स्पेस न्यूक्लियर टेक्नोलाजी, आईटी क्षेत्र



में हुए कार्य भी गिनाए।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने युवाओं का आह्वान किया कि वह अन्याय के विरुद्ध न्याय के इस युद्ध में कांग्रेस की मुहिम में सहभागी बनें। इसके लिए राज्य आंदोलन की तर्ज पर आंदोलन की दरकार है। इस दौरान वैभव वालिया, प्रकाश जोशी, रोहित चौधरी, सुमित्तर भुल्लर, ऋषेंद्र, मीमांशा, राहुल आदि ने विचार रखे। इस मौक पर डा.महेंद्र सिंह पाल, रांजेंद्र सिंह खनवाल, डा. गणेश उपाध्याय, राहुल छिमवाल, सतीश नैनवाल, अनुपम कबडवाल, गिरीश पपनै, विकास, नईम, भुवन चौबे, गोपाल मेहरा, नीरज तिवारी, गोपाल लटवाल, सुमित, पंकज आदि मौजूद रहे।

# शरीर पर पड़े निशान बयां कर रहे क्रूरता-शिक्षक ने छात्रों को बेरहमी से पीटा

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**
अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर के एक शिक्षक पर दो छात्रों को डंडों से बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। जुड़वा भाइयों के परिजनों ने पुलिस और बीईओ को शिक्षक के खिलाफ शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर के एक शिक्षक पर दो छात्रों को डंडों से बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। जुड़वा भाइयों के परिजनों ने पुलिस और बीईओ को शिक्षक के खिलाफ शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

बैकुंठपुर निवासी शंकर सरकार ने बीईओ और चौकी पुलिस को शिकायती पत्र सौंपे। कहा कि गत शनिवार को कक्षा नौ में अध्ययनरत उनके दो जुड़वा पुत्रों उद्धव सरकार और विवेकानंद सरकार विद्यालय में कुछ देर से पहुंचे। आरोप है कि इससे गुस्साए एक शिक्षक ने उनके दोनों पुत्रों को डंडे से बुरी तरह से पीट दिया और अभद्रता की। दोनों की पीठ पर कई जगह चोट के निशान भी बन गए। रात को दर्द से कराहने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई।

पिता ने आरोप लगाया कि उक्त शिक्षक ने इससे पूर्व भी कई छात्रों के साथ बुरी तरह से पीटा है। बीईओ तरुण पंत ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। प्रधानाचार्य और शिक्षक से घटना की जानकारी लेकर जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने पर शिक्षक पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### सब रजिस्ट्रार के खिलाफ अधिवक्ताओं की नारेबाजी



**नैनीताल, एजेंसी।** जिला न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री दफ्तर में तैनात सब रजिस्ट्रार के खिलाफ रोष जताते हुए नारेबाजी की और बाद में एडीएम को ज्ञापन सौंपा। उधर सब रजिस्ट्रार ने रजिस्ट्री में किसी भी प्रकार के भेदभाव और अनियमितता का खंडन किया है।
अधिवक्ताओं का कहना था कि सब रजिस्ट्रार अपने खास लोगों से ही रजिस्ट्री करवाकर उन्हें लाभ पहुंचा रही हैं जबकि दस्तावेज पूरे होने के बाद भी आम लोगों को रजिस्ट्री कराने में परेशानी होती है। अधिवक्ताओं की शिकायत पर एडीएम फिंचा राम ने सब रजिस्ट्रार से इस मामले में अपना पक्ष बताने को कहा है। ज्ञापन देने वालों में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष मोहन जोशी, दयाकिशन पोखरिया, संजय सुयाल, दीपक रूबाली, राकेश सुयाल, कमल, शिवांशु जोशी, दीपक दानू, अनिल कुमार आदि शामिल थे। वहीं दूसरी ओर सब रजिस्ट्रार ने अधिवक्ताओं के आरोपों को गलत बताया है। सभी लोगों की नियमानुसार रजिस्ट्री कराई जाती रही है। उन्होंने कहा कि उनके समक्ष रजिस्ट्री पूरी औपचारिकताओं के बाद ही प्रस्तुत होती है।

# छत से वार्ड में घुसा पानी, दीवारों पर सीलन

**रानीखेत, एजेंसी।**
कुमाऊं और गढ़वाल के मरीजों के इलाज की जिम्मेदारी संभालने वाले रानीखेत उप जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुचारु नहीं हैं। यहां दो दिन पूर्व हुई बारिश के बाद छत से पानी टपककर कक्षों में घुस गया है। ऐसे में टपकती छत और सीलन से मरीज परेशान हैं और उनमें संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। मरीज पानी और सीलन के बीच वार्ड में भर्ती होकर इलाज करा रहे हैं।

रानीखेत उप जिला चिकित्सालय की छत पर बीते छह माह से निर्माण कार्य चल रहा है। इसके चलते छत क्षतिग्रस्त हो गई है और उसमें दरारें पड़ गई हैं। लंबे समय बाद भी क्षतिग्रस्त छत



को ठीक नहीं किया जा सका जिससे मरीजों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन पूर्व हुई बारिश के बाद क्षतिग्रस्त छत से पानी टपककर कक्षों में घुस गया है। छत से पानी टपकना जारी है। रानीखेत उप जिला चिकित्सालय में सल्ट, भिकियासैंण, भतरौंजखान, ताड़ीखेत सहित अन्य हिस्सों के साथ अल्मोड़ा जिले की सीमा से सटे गढ़वाल के मरीज भी इलाज के लिए पहुंचते हैं। यहां 20 से अधिक मरीज भर्ती हैं। भर्ती वार्ड में छत से पानी टपकने और दीवारों पर सीलन से मरीजों की दिक्कत बढ़ गई है। सीलन से दीवारों पर फफूंद जमने लगी है। इन हालात में ऑपरेशन के बाद भर्ती मरीजों में संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। मरीज और तीमारदार टपकती छत और सीलन के बीच वार्ड में समय बिता रहे हैं। छत से पानी टपकने से दीवारों में सीलन फैल गई है। दीवारों में कई बिजली उपकरण लगे हैं, इनका मरीज हर रोज उपयोग करते हैं। कड़ाके की ठंड में हीटर का प्रयोग करना भी मरीजों की मजबूरी है। ऐसे में बिजली उपकरणों में फैली सीलन से करंट का खतरा बढ़ गया है। अस्पताल प्रबंधन समस्या का समाधान नहीं कर रहा है।

बीते मानसूनकाल में छत से दवा केंद्र में पानी टपकने से दवा खराब हो गई थी।

## पहाड़ों में खिली धूप, लोगों को मिली राहत



**नैनीताल, एजेंसी।**
उत्तराखंड के मौसम में उतार चढ़ाव का सिलसिला जारी है। आज कुमाऊं के सभी जिलों में सुबह से ही धूप खिली हुई है। धूप आने से लोगों को राहत मिली है। लेकिन पहाड़ी जिलों में पाला पड़ने से लोगों को दिक्कतें आ सकती हैं।

उत्तराखंड में आज मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। उत्तराखंड के कुमाऊं के सभी जिलों (पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर) में मौसम साफ रहने के साथ सुबह से ही धूप खिली हुई है। लेकिन पहाड़ी जिलों में पाला पड़ने से लोगों को दिक्कतें आ सकती हैं। इसके लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं, हरिद्वार और उधमसिंह नगर जिलों में हल्का कोहरा छाए रहने की उम्मीद है।

बता दें कि, उत्तराखंड में पिछले दिनों बारिश और हल्की बर्फबारी होने के बाद अब मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। अब प्रदेश भर में मौसम सामान्य होता हुआ दिखाई दे रहा है। बुधवार की तरह ही गुरुवार को भी मौसम विभाग ने प्रदेश भर में मौसम के शुष्क रहने की उम्मीद जताई है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तराखंड में आसमान साफ रहेगा और लोगों को अच्छी धूप देखने को मिलेगी। हालांकि कुछ जगहों पर थोड़े समय के लिए आसमान में बादल भी छाए रह सकते हैं।

पहाड़ी जिलों की बाद करें तो यहां पर मौसम साफ रहेगा। पाला लोगों की परेशानियां बढ़ा सकता है। मौसम विभाग ने पाले को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

# उपद्रवियों ने आग के हवाले किए 70 से ज्यादा वाहन, थाना भी फूंका, सारे रिकॉर्ड जले

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
उपद्रवियों ने 70 से अधिक वाहनों ने आग के हवाले कर दिया। इसमें तीन जेसीबी शामिल हैं, जिनमें दो जेबीसी निगम ने किराए पर मंगाई थी, जबकि एक जेसीबी निगम की है।

बनभूलपुरा में उपद्रव के दौरान 70 से अधिक वाहनों को जला दिया गया, जबकि कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई। इस दौरान बनभूलपुरा थाने में आग से कई साल पुराने रिकॉर्ड भी जलकर खाक हो गए हैं।

उपद्रवियों ने 70 से अधिक वाहनों ने आग के हवाले कर दिया। इसमें तीन जेसीबी शामिल हैं, जिनमें दो जेबीसी निगम ने किराए पर मंगाई थी, जबकि एक जेसीबी निगम की है। साथ ही निगम के 8 और पुलिस के एक चारपहिया वाहन को आग के हवाले कर दिया गया, जबकि निगम के दो ट्रैक्टर को भी सड़क पर पलटकर आग लगा दी गई थी। साथ ही 40 से अधिक दोपहिया वाहनों को उपद्रवियों ने आग के हवाले कर दिया। बनभूलपुरा की गलियों में देर रात तक जहां-तहां दोपहिया वाहन जलते नजर आए, जिनको न कोई बुझाने वाला था और न ही इनके मालिकों का किसी को पता था। मलिक के बगीचे के चारों ओर से पथराव में फंसने के बाद किसी तरह पुलिस फोर्स यहां से निकलकर मुख्य सड़क पर पहुंच सकी। मगर यहां भी बनभूलपुरा थाने को आग के हवाले कर दिया गया था। आग बुझाने पहुंचे दमकल वाहन को भी उपद्रवियों ने आग लगा दी। जिसके बाद पुलिस ने उपद्रवियों को तितर बितर करने के लिए हवाई फायरिंग की। इस दौरान एके 47, एसएलआर और पिस्टल से पुलिस ने करीब सैकड़ों राउंड हवाई फायरिंग की। इसके बाद भी पथराव होने पर पैरों में गोली मारी जाने लगी। जानकारी के अनुसार उपद्रवियों को खदेड़ने के लिए पुलिस टीम ने 350 राउंड से अधिक बार फायरिंग की। जिसके बाद लोग मौके से इधर उधर होने लगे। बनभूलपुरा में अतिक्रमण तोड़ने गई टीम पर घरों की छतों से पथराव किया गया जिसके बाद पुलिस ने पत्थरबाजों को पकड़ने के लिए उन घरों का रुख किया जहां से पत्थर फेंके जा रहे थे। नगर निगम कर्मचारियों की मदद से उन घरों के दरवाजों को घन से तोड़ा गया और पुलिसकर्मी घरों में घुसे।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, शनिवार, 10 फरवरी, 2024

# उत्तर रेलवे के 68वें रेल सप्ताह समारोह में 100 कर्मचारियों को किया गया सम्मानित, महाप्रबंधक ने गिनाई उपलब्धियां

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता






हर साल बोरीबंदर और ठाणे के बीच पहली रेलगाड़ी चलने की स्मृति में भारतीय रेल सप्ताह का आयोजन किया जाता है. इसके तहत उत्तर रेलवे की ओर से 68वें रेल सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में उत्तर रेलवे के 100 कर्मचारियों और अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित राष्ट्रीय रेल संग्रहालय में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. साथ ही विभिन्न रेल मंडलों को उनके बेहतर कार्य के लिए शील्ड प्रदान की गई.

कार्यक्रम में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने वर्ष 2023 में रेलवे की उपलब्धियों को गिनाया. साथ ही उन्होंने रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को रेलवे की प्रगति के लिए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के विभिन्न मंडल के 100 कर्मचारियों और अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.

कार्य निष्पादन मानकों के आधार पर महाप्रबंधक द्वारा 54 रनिंग शील्ड भी प्रदान की गईं. रेलवे के फिरोजपुर मंडल को मितव्ययिता शील्ड प्रदान की गई. वहीं बेस्ट इम्प्रूव्ड डिवीजन शील्ड मुरादाबाद मंडल को मिली. महाप्रबंधक उत्कृष्टता शील्ड अंबाला मंडल को मिली. इसपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने कहा कि 2023 में उत्तर रेलवे ने 35 मिलियन टन कार्गो लदान से 7,869 करोड़ रुपए अर्जित की. वहीं पार्सल और माल लदान से 349 करोड़ रुपए अर्जित कर सभी क्षेत्रीय रेल में पहला स्थान प्राप्त किया.

उन्होंने बताया कि दीपावली और छठ पूजा पर्वों के दौरान 266 विशेष रेलगाड़ियां चलाई गईं. 510 रेलगाड़ियों की यात्री वहन क्षमता बढ़ाई गई. वहीं उत्तर रेलवे के 126 रेलवे स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद योजना लागू की गई है, जिसमें 1,582 लाभार्थियों ने कुल मिलाकर 04.39 करोड़ रुपए अर्जित किए. साथ ही उत्तर रेलवे 95 प्रतिशत रेलमार्ग विद्युतीकृत हो गया है. और तो और 19 जोड़ी रेलगाड़ियों को डीजल से विद्युतीकृत करके हाईस्पीड डीजल की बचत की गई, जिससे 23 करोड़ रुपए की बचत हुई है.

इसके साथ ही दिल्ली-मुम्बई और नई दिल्ली-कोलकाता रेलमार्ग पर रेलगाड़ियों की गतिसीमा 160 किलोमीटर प्रतिघंटा तक बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है. उधर तीन गतिशक्ति कार्गोटर्मिनल बनकर तैयार हो गए हैं और 68 किलोमीटर लंबी रोहतक-माहिम नई रेल लाइन को रेल संरक्षा आयुक्त की स्वीकृति मिलने के बाद यातायात के लिए खोल दिया गया है.

उन्होंने आगे बताया कि बनिहाल और श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच सभी 7 स्टेशन बनकर तैयार हो गए हैं. साथ ही ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के अंतर्गत इस सेक्शन का शेष काम तीव्र गति से चल रहा है. इस साल के मध्य तक इस रूट पर ट्रेन का संचालन शुरू हो सकता है. कार्यक्रम में उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंघल, विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी, उत्तर रेलवे के कर्मचारी, विभिन्न यूनियन, एसोसिएशन और फेडरेशन के सदस्य, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सन्नीरति चौधरी आदि उपस्थित रहीं.

# डीटीसी के कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- 2015 में जब हमारी सरकार बनी थी, उससे पहले आपको पेंशन मिलने में बड़ी परेशानी होती थी।

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के पूर्व कर्मचारियों के लिए दिल्ली सरकार ने अच्छी खबर दी है। पूर्व कर्मचारियों के बकाए पेंशन का सरकार ने भुगतान कर दिया है। उन्होंने कहा-डीटीसी के सभी रिटायर्ड बुजुर्गों के लिए खुशखबरी लाया हूं। पकी सारी बकाया पेंशन आपके खाते में चली गई है। देरी के लिए माफी चाहता हूं। मैं जानता हूं आप मुझसे नाराज हो। पर आपका बच्चा हूं। देरी के लिए माफ कर देना। उन्होंने कहा कि पिछले साल-डेढ़ साल से आपको पेंशन मिलने में बड़ी परेशानी हो रही थी। 2015 में जब हमारी सरकार बनी थी, उससे पहले आपको पेंशन मिलने में बड़ी परेशानी होती थी। तब की सरकार कहती थी कि डीटीसी के पास फंड नहीं है। हम आपको पेंशन नहीं दे सकते। लेकिन हमारी सरकार आने के बाद दिल्ली सरकार अपने फंड से आपके लिए पेंशन की व्यवस्था की है। आपको हर महीने पेंशन मिल रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल से जो आपको दिक्कत हुई है, उसके लिए आपसे माफी मांगना चाहता हूं। आप जानते हैं कि केंद्र सरकार हमारे काम में अड़चन डाल रही है। लेकिन मैं पेंशन मिलने की देरी के लिए खुद को जिम्मेदार मानता हूं। बाकी मैं ठीक कर लूंगा। विशेष सत्र बुलाकर पेंशन की व्यवस्था की उन्होंने कहा कि पिछले साल एक गांव में गया था। तब डीटीसी के एक कर्मचारी ने मुझसे पेंशन के लिए कहा था। तब मैं उनसे वादा किया था कि आपका बच्चा हूं और आपसे वादा करता हूं कि आपको पेंशन जरूर मिलेगी। मैंने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आपके पेंशन का प्रावधान किया। अब आपकी सारी पेंशन आपके अकाउंट में आ गया है। आगे जब भी कोई दिक्कत आई तो भरोसा रखना क्योंकि केजरीवाल आपकी सारी पेंशन दिलाकर रहेगा।

बीजेपी ने पूरी दिल्ली में मचा रखी है गुंडागर्दी उन्होंने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार और अन्य पार्टी पूरी दिल्ली में गुंडागर्दी मचा रखी है। हम कोशिश कर रहे हैं कि आपके सारे काम करके रहेंगे। अभी हमारे पास ज्यादा पावर आई नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जो भी शक्तियां दी है, वह भी छीन ली गई है। दिल्ली के लोग मेरा परिवार है और आपको पिता सामान मानता हूं। आप अपना आशीर्वाद बनाए रखिएगा।

## दिल्ली में इन लोगों को नहीं देना पड़ेगा पानी का बिल, केजरीवाल ने किया बड़ा एलान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली वासियों के लिए बड़ा एलान किया है। लोगों को गलत पानी के बिल की समस्या से छुटकारा मिलेगा। इसके लिए दिल्ली सरकार जल्द ही वन टाइम वाटर बिल सेटलमेंट स्कीम ला रही है। इसका प्रस्ताव जल्दी ही कैबिनेट में लाया जाएगा।

दिल्ली में सबसे कम महंगाई- केजरीवाल इससे पहले बृहस्पतिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में बहुत महंगाई हो गई है। अभी केंद्र सरकार ने पूरे देश में एक सर्वे करवाया है, उसमें निकलकर आया है कि सबसे कम महंगाई दिल्ली में है, क्योंकि दिल्ली में लोगों के लिए बिजली फ्री है। पानी भी फ्री मिल रहा है। दिल्ली के अंदर शिक्षा फ्री है। तीन चार हजार रुपये बच्चों पर खर्च करने पड़ते थे वो नहीं करने पड़ रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल ने द्वारका सेक्टर एक के सरकारी स्कूल भवन का शिलान्यास करने के दौरान कहा कि इस प्लॉट पर पहले कूड़ा पड़ा रहता था। अब यहां पर कूड़ा नहीं, राष्ट्र निर्माण का काम होगा, बच्चों का भविष्य बनेगा। देश के किसी सरकारी स्कूल में चले जाओ, हमारी सरकार आने से पहले के स्कूलों में चले जाओ। वहां पर एक लैब नहीं होती थी। नहीं भरना होगा पानी का बिल

उन्होंने आगे कहा कि कोरोना महामारी के दौरान कई लोगों के पानी के बिल की रीडिंग गलत हो गई, जिस वजह से गलत बिल आए। उन लोगों को बिल जमा करने की जरूरत नहीं है। बहुत जल्द नई स्कीम लेकर आ रहे हैं। सभी के सारे बिल माफ हो जाएंगे। अब अरविंद केजरीवाल ने इसको लेकर बड़ा एलान किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डीटीसी में महिलाओं का सफर फ्री है। बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा फ्री है। इस वजह से देश में दिल्ली में सबसे कम महंगाई है। आज कच्ची कॉलोनियां पक्की कॉलोनियों से अच्छी लग रही हैं। सड़के बनवा दी गई। पानी के कनेक्शन दे दिए गए। कई कॉलोनियों में रह गए वहां भी दिए जाएंगे।

# चुनाव से पहले भाजपा की हर परिवार से जुड़ने की कोशिश, पार्टी ने बनाया ये खास प्लान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




अपनी बात जनता तक पहुंचाने के लिए भाजपा नेतृत्व सोशल मीडिया को महत्वपूर्ण हथियार मानती है। नेताओं के साथ कार्यकताओं को सोशल मीडिया पर सक्रिय किया जा रहा है। सरकार व पार्टी की गतिविधियों को जनता तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय व प्रदेश के साथ ही मंडल स्तर पर इसके लिए अलग से इकाई गठित की गई है।

हर घर अपनी बात पहुंचाने की तैयारी अब इससे आगे बढ़कर बूथ स्तर पर इस हथियार का उपयोग प्रत्येक घर तक अपनी बात पहुंचाने की तैयारी है। पार्टी ने प्रत्येक बूथ पर वाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्णय किया है। इसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। एक पखवाड़े के अंदर इस काम को पूरा करने का निर्देश दिया गया है। बूथ पर संगठनात्मक व चुनावी गतिविधियों को गति देने के लिए नियुक्त किए गए त्रिदेव को इसमें अपनी विशेष भूमिका निभाने को कहा गया है।

पार्टी को मिलेगा सुझाव

त्रिदेव में बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक व बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) शामिल हैं। इनके ऊपर अपने बूथ के वाट्सएप ग्रुप को बनाने और उसे सही तरह से संचालित करने की जिम्मेदारी होगी। ग्रुप पर भाजपा द्वारा डाले जाने वाले संदेश के साथ ही इससे जुड़े कार्यकर्ता व आम नागरिक भी अपनी बात रख सकेंगे। किसी विषय पर आम लोगों की प्रतिक्रिया, उनकी राय, सुझाव पार्टी को मिलेगी।

नेताओं व कार्यकताओं की स्थानीय समस्या जान सकेंगे। इसके अनुसार, स्थानीय स्तर पर चुनावी रणनीति बनाने में मदद मिलेगी। भाजपा नेताओं का कहना है कि दिल्ली में लगभग 1.37 करोड़ मतदाता और 13700 से अधिक बूथ हैं। प्रत्येक बूथ पर एक हजार से 15 सौ के करीब मतदाता हैं। वाट्सएप ग्रुप में प्रत्येक परिवार से कम से कम एक सदस्य और कुल 28 लाख से 30 लाख लोगों को जोड़ने का प्रयास है।

चुनाव की तैयारियों उपयोगी साबित होगा इससे नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों, भाजपा की नीति, नेताओं के भाषण, विपक्ष के दुष्प्रचार का जवाब आम जनता तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। साथ ही पार्टी के किसी कार्यक्रम जैसे बूथ या मंडल स्तर पर होने वाली बैठक, सम्मेलन आदि की सूचना भी लोगों तक आसानी से पहुंच सकेगी। चुनाव की तैयारी के साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भी यह कदम उपयोगी साबित होगा। ग्रुप से जुड़े लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वोट नहीं डालने वालों की पहचान करने में आसानी होगी। ऐसे लोगों से कार्यकर्ता समय रहते संपर्क कर उनका मतदान सुनिश्चित करा सकेंगे।

## नोएडा में गद्दे बनाने वाली कंपनी में लगी आग



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश में गौतम बुद्ध नगर जिले के सूरजपुर थाना क्षेत्र में स्थित गद्दा बनाने वाली एक कंपनी में शुक्रवार तड़के करीब चार बजे आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस दौरान किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि दमकल विभाग को तड़के करीब चार बजे सूरजपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एमएच पोली मार्स नामक गद्दे बनाने वाली कंपनी में आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल की करीब 12 गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं। चौबे ने बताया कि आग बुझाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि आग शार्ट-सर्किट के कारण लगी है। उन्होंने बताया कि किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं मिली है।

## उत्तर प्रदेश : नोएडा में तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना से आक्रोशित हजारों की संख्या में गांववालों ने शुक्रवार सुबह जमकर हंगामा किया और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने रबूपुरा थाना क्षेत्र में तीन साल की बच्ची से कथित दुष्कर्म के मामले के आरोपी को बृहस्पतिवार देर रात गिरफ्तार किया था। घटना से आक्रोशित इलाके की महिलाओं और गांववालों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की।

रबूपुरा थाना प्रभारी राघवेंद्र सिंह ने गुस्साए गांववालों को आश्वासन दिया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिलवाने का प्रयास करेगी। पुलिस के आश्वासन से असंतुष्ट लोगों ने काफी देर तक थाने पर हंगामा किया हालांकि मौके पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारियों ने किसी तरह से उन्हें समझा-बुझाकर मामले को शांत किया। इससे पहले अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) अशोक कुमार सिंह ने बताया कि कस्बा रबूपुरा निवासी राहुल गौतम ने बच्ची के साथ बृहस्पतिवार शाम को एक खेत में कथित रूप से बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि बच्ची लहूलुहान अवस्था में खेत में रोती हुई मिली थी। सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर मुकदमा दर्ज किया और मामले की जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बृहस्पतिवार देर रात मिली एक सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी राहुल गौतम को गिरफ्तार कर लिया। सिंह ने बताया कि पुलिस से पूछताछ के दौरान आरोपी ने बच्ची से बलात्कार करने की बात स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि जांच के तहत आरोपी को उस जगह ले जाया गया जहां उसने अपराध के दौरान पहने कपड़े छुपाए थे लेकिन तभी वह एक पुलिसकर्मी की पिस्तौल छीनकर भागने लगा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जब उसे पकड़ने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर गोली चला दी। सिंह ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। अपर उपायुक्त ने बताया कि आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की त्वरित अदालत में सुनवाई का निवेदन किया जाएगा।

## डकैती के मामले में पुलिस का खुलासा, छह गिरफ्तार

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के पश्चिम विहार वेस्ट थाना इलाके में हुई लाखों की डकैती के मामले का खुलासा अपराध शाखा की टीम ने किया है। इस मामले में आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 35 लाख की ज्वेलरी, कैश और अन्य सामान बरामद किया गया। साथ ही वारदात में इस्तेमाल ऑटो के अलावा मोबाइल भी जब्त किया गया है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर संजय भाटिया ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान मिथुन सैनी, सोनू, अनिल, राहुल प्रकाश, गजानंद और समय सिंह के रूप में हुई है। यह सभी दिल्ली के आजादपुर और राजस्थान के बीकानेर, करौली के रहने वाले हैं। पहले भी अलग-अलग मामलों में शामिल रहे हैं। इन्होंने 17 जनवरी को दिल्ली के पश्चिम विहार में। डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। एक इंप्लाई की पिटाई करके और उसके आंख में मिर्च पाउडर डालकर 50 लाख रुपये लूट लिए गए थे। उस मामले में छानबीन के लिए डीसीपी संजय कुमार सेन की देखरेख में टीम ने छानबीन शुरू की थी। 400 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज को चेक किया, जो वारदात वाली जगह से लेकर उस रूट के आने और जाने वाले रास्ते पर लगे हुए थे। इस जांच के दौरान एक ऑटो की पहचान की गई और फिर पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से सबसे पहले मिथुन सैनी और उसके सहयोगी सोनू की पहचान की और फिर लाल बाग इलाके से धड़ दबोचा।

फिर इसकी निशानदेही पर और भी आरोपित पकड़े गए और इनकी गिरफ्तारी से 19 लाख कैश के अलावा बैंक अकाउंट में जमा किए गए दो लाख कैश का राशिद, मोबाइल इत्यादि बरामद किए गए। आगे जब इनसे पूछताछ की गई तो राजस्थान में छापामार कर वहां से भी आरोपितों को पकड़ा गया और उनके पास से भी कैश और गोल्ड की ज्वेलरी इत्यादि बरामद की गई।

## डीटीसी के रिटायर्ड कर्मचारियों को मिला रुका हुआ पेंशन

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डीटीसी के रिटायर्ड कर्मचारियों को राहत दी है. उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि डीटीसी के रिटायर्ड कर्मचारियों को मिलने वाली पेंशन की दिक्कतों को दूर कर दिया गया है. उन्होंने पोस्ट कर लिखा, ह्लडीटीसी के सभी रिटायर्ड बुजुर्गों के लिए खुशखबरी लाया हूं- आपकी सारी बकाया पेंशन आपके खाते में चली गई है. देरी के लिए माफी चाहता हूं. मैं जानता हूं आप मुझसे नाराज हो. पर आपका बच्चा हूं. देरी के लिए माफ कर देना.अरविंद केजरीवाल बोले, हमारी सरकार आने के बाद हम लोगों ने डीटीसी के लिए अलग से अपनी सरकार से बजट दिया और उसके बाद से हर महीने आप सभी को पेंशन मिल रही थी, कोई दिक्कत नहीं आई. लेकिन पिछले एक डेढ़ साल से आपको जो दिक्कत आ रही है थी उसके लिए मैं आपसे कुछ कहना चाहता हूं. उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, मैं दिल्ली के लोगों के लिए काम करने का पूरा प्रयास कर रहा हूं,

## रोहिणी में सड़क किनारे शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के रोहिणी में सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने की खबर से हड़कंप मच गया. मिली जानकारी के अनुसार मृतक के सिर और शरीर पर चोट के निशान हैं. युवक की पहचान रोहिणी सेक्टर 28 निवासी गुल्लू के रूप में हुई है. मृतक मूल रूप से एमपी का रहने वाला बताया जा रहा है. मौके पर फोरेंसिक और क्राइम टीम पहुंची. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. राजधानी दिल्ली के अमन विहार थाना इलाके के रोहिणी में शुक्रवार सुबह सड़क किनारे युवक का शव देखा गया. जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई. जिसके बाद तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया. पुलिस टीम ने तहकीकात शुरू की. जिसके बाद मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के रहने वाले गुल्लू के तौर पर हुई है . गुल्लू पेशे से मजदूर का काम करता है. परिजनों का कहना है कि गुरूवार को काम पर निकला गुल्लु शाम को घर वापस नहीं आया. गुल्लू के सिर और शरीर पर चोट के भी निशान देखे गए. परिजनों का कहना है कि लूटपाट के इरादे से ये हत्या की गई है. पुलिस शुरूआती जांच में लूटपाट के इरादे से की गई वारदात मा रही है लेकिन अलग-अलग पहलुओं से भी पूरे मामले की पूछताछ की जा रही है. फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है. साथ ही जिन लोगों के साथ कल गुल्लू काम कर रहा था उन लोगों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है कि कितने बजे और कितने रुपए लेकर गुल्लू अपने काम पर जाने के लिए घर के लिए निकला था.

## हल्द्वानी में दंगा, मुल्ला मोलवियों की यूसीसी पर हताशा का नतीजा-गोयल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

वरिष्ठ भाजपा नेता व यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री जय भगवान गोयल जी ने बताया कि कि हल्द्वानी में मुस्लिम समाज द्वारा सरकारी मशिनरी पर हमला व आगजनी की घटनाओं को अंजाम देना, उत्तराखंड में यूसीसी के बिल के पास होने पर उत्पन्न हुई हताशा का ही मुख्य कारण है। एक तरफ मुस्लिम महिलाओं ने तो पुरजोर तरीके से इसका स्वागत किया है जिसमें बेटियों को माता-पिता की संपत्ति पर पूरा हक मिलेगा व इद्दत-हलाला जैसी कुरितियों से भी मुक्ति मिलेगी। इसमें सभी धर्मों के लोगों के लिए शादी, तलाक और उत्तराधिकारी जैसे मामलों में एक जैसा ही कानून लागू होगा। श्री गोयल ने कहा कि अब मुल्ला-मोलवियों द्वारा चलाई जा रही दुकानों पर पूरी तरह से ताला लग जाएगा क्योंकि अब कोई भी विशेषकर तलाक के लिए उनके पास नहीं जाएगा और न ही उनके द्वारा जारी गए गए फतवों की कोई अहमियत होगी। अभी तक वह शरीयत के नाम से डरा धमकाकर खूब कमाई करते आ रहे थे, जिसके दरवाजे अब पूरी तरह से बंद हो जाएंगे। श्री गोयल ने यह भी बताया कि देहरादून में यूसीसी के पास होने पर मुस्लिम महिलाओं में काफी खुशी की लहर दोड़ रही थी, उन्होंने खुलकर मीडिया में आकर यूसीसी के लागू होने के लिए आदरणीय मोदी जी व धामी जी का खुलकर समर्थन, अभिनंदन व धन्यवाद किया। श्री गोयल ने कहा कि देश अब संविधान से चलेगा न की कुरान व हदीस के बनाए हुए कानूनों से, यह बात देश के मुल्ला-मोलवियों को अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिए, अब तो यूसीसी पूरे देश में ही लागू होगा। जिसकी विकसित भारत के लिए बहुत सख्त जरूरत भी है। यूसीसी का पुरजोर समर्थन करते हुए श्री गोयल ने हल्द्वानी में मुस्लिम समाज के उपद्रवियों द्वारा आगजनी, तोड़फोड़ व पुलिसकर्मचारियों पर किए गए हमले की जोरदार निंदा की है व कानून के अंतर्गत उन सभी पर मुकदमा दायर करते हुए कड़ी से कड़ी सजा की भी मांग की है

## जल बोर्ड की लापरवाही से हर रोज लाखों लीटर पानी की हो रही बबार्दी

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड की लापरवाही के कारण दक्षिणी दिल्ली में लाखों लीटर पीने का पानी बर्बाद हो रहा है. अरविंदो रोड से साकेत की तरफ जाने वाले रोड पर जल बोर्ड की पाइप लाइन में लीकेज है. यह समस्या बीते कई दिनों से है, बावजूद इसके जल बोर्ड द्वारा इसे अभी तक रिपेयर नहीं किया गया है. राहगीर इसमें अपने कपड़े धोते हैं. फिलहाल, पीडब्ल्यूडी किसी तरह जुगाड़ लगाकर गड्ढे को भर रही है. दरअसल, जहां लीकेज है अब वहां पर कई गड्ढे हो गए है जिसे जल बोर्ड मलवे से भरने की खानापूर्ति कर रही है. सड़कों के लेवलिंग के लिए ट्रैक्टर से जुगाड़ लगाकर इसे लेवल किया जा रहा है. पीडब्ल्यूडी द्वारा अरविंदो मार्ग से साकेत की तरफ मुड़ने वाले इस लेफ्ट टर्न को बंद कर दिया गया है.

# दिल्ली में 13 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दक्षिण दिल्ली जिला के नेब सराय थाने की पुलिस टीम ने एक शातिर ऑटो लिफ्टर को गुरुवार को गिरफ्तार किया है. वह पहले से 13 आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया है. आरोपी की पहचान धर्मपाल उर्फ सागर पुत्र ओमप्रकाश (38) के रूप में हुई है और उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल और मास्टर की बरामद की गई है. डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि बीते 5 फरवरी को नेब सराय पुलिस स्टेशन में मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में एक ई एफआईआर दर्ज की गई थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल घटनास्थल का दौरा किया गया, जहां शिकायतकर्ता ने बताया कि रात के समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मोटरसाइकिल चुरा ली है. इसके बाद शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया गया और आगे की जांच शुरू की गई. जांच के लिए एसीपी संगम विहार और नेब सराय थाने के एसएचओ सुनील कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. टीम ने घटनास्थल की गहन जांच की और आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज एकत्रित किए. साथ ही स्थानीय मुखबिरों से सूचना प्राप्त की गई. इसके बाद इलाके में बीट स्टाफ को विशेष रूप से गश्त तेज करने का निर्देश दिया गया. टीम के प्रयास तब रंग लाए जब गुप्त सूचना मिली कि आरोपी बांध रोड संगम विहार में आएगा. जानकारी को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साझा किया गया और बताए गए पते पर जाल बिछाया गया. पांच और छह फरवरी की मध्य रात्रि में एक मोटरसाइकिल सवार को दुर्गा विहार के पास संदिग्ध अवस्था में घूमते देखे गया. पुलिस स्टाफ को देखकर उसने भागने की कोशिश की हालांकि सतर्क पुलिस कर्मचारियों ने सफलतापूर्वक उसे रिमांड पर लिया गया. जब उससे पूछताछ की गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया. बाद में उसकी पहचान धर्मपाल उर्फ सागर के रूप में हुई. उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक मास्टर की बरामद हुई, जिसके बाद मोटरसाइकिल भी चोरी की पाई गई. इसपर पुलिस ने उसे गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया.

# 13 फरवरी को आप ने बुलाई पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक, इन राज्यों की लोकसभा सीटों पर हो सकता है निर्णय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर 13 फरवरी को आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक बुलाई गई है. इस बैठक में दिल्ली और पंजाब को छोड़कर गोवा, हरियाणा और गुजरात की लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों को लेकर निर्णय लिया जा सकता है. विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में आम आदमी पार्टी भी शामिल है, लेकिन आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग को लेकर अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है. इस बीच आम आदमी पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नाम तय करना शुरू कर दिया है. इसी कड़ी में गुरुवार को पार्टी ने असम के तीन सीटों के लिए उम्मीदवार का नाम ऐलान किया. पार्टी का कहना है कि उनके पास ज्यादा वक्त नहीं है. नए नाम, नए चेहरे होने से उन्हें अधिक तैयारी करनी है. इसीलिए यह निर्णय लिया गया. आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक का कहना है कि हम फाइटर हैं और हमें चुनाव लड़ना है. हमें लड़ने के लिए नहीं जीतने के लिए चुनाव के मैदान में जाना है. गठबंधन करने का उद्देश्य ही चुनाव जीतना है, इसीलिए सब कुछ समयबद्ध तरीके से होना चाहिए. उनका कहना है कि सीट शेयरिंग को लेकर लंबे समय से बातचीत चल रही है. पार्टी पूरी ईमानदारी और ताकत के साथ इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनी रहेगी. आम आदमी पार्टी गठबंधन का धर्म निभाएगी. बातचीत को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा. उन्होंने कहा कि अगर हम सिर्फ बातचीत ही करते रहेंगे तो फिर चुनाव कब लड़ेंगे? दिल्ली में सीट शेयरिंग को लेकर हमारी बातचीत चल रही है. हम इंडिया गठबंधन के एक जिम्मेदार और समझदार पार्टनर हैं. वहीं पंजाब के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की राज्य इकाइयों ने सहमति बनाई कि दोनों पार्टियां राज्य में अलग-अलग चुनाव लड़ेंगी. यानी पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस अलग-अलग लोकसभा चुनाव लड़ेंगी और वहां कोई गठबंधन नहीं होगा. जिस तरीके से लोकसभा चुनाव की समय सीमा तय हो चुकी है, उसी तरीके से सीट शेयरिंग को लेकर भी समय सीमा तय होनी चाहिए. जल्द से जल्द इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ सीट शेयरिंग की बातचीत पूरी होनी चाहिए. बता दें कि आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की इस मीटिंग में पार्टी के तीन बड़े नेता संजय सिंह, मनीष सिसोदिया तथा सत्येंद्र जैन हिस्सा नहीं लेंगे. वहीं मीटिंग में शामिल होने वालों में राघव चड्ढा, भगवंत मान, आतिशी, संदीप पाठक, गोपाल राय के नाम प्रमुख हैं.

## संक्षिप्त खबरें

### सोसाइटी से महिला का आईफोन चोरी

सेक्टर-45 स्थित प्रतीक स्टाइलोम सोसाइटी निवासी महिला का आईफोन चोरी हो गया। महिला ने सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। दरखशॉ आलम ने पुलिस को बताया कि आठ फरवरी को उनका मोबाइल फोन सोसाइटी में किसी ने चोरी कर लिया। उन्होंने फोन को काफी तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिला। आरोपी की तलाश में पुलिस सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

### सेक्टर-40 से किशोरी लापता

सेक्टर-40 के जनता फ्लैट में रहने वाली किशोरी अपने घर से लापता हो गई। परिजनों ने सेक्टर-39 थाने में उसकी गुमशुदगी का केस दर्ज कराया है। सुंदर ने पुलिस को बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी दो फरवरी को बिना बताए घर से कहीं चली गई। परिजनों उसे काफी तलाश किया, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। उसका मोबाइल फोन भी बंद है। पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

सेक्टर-24 पुलिस ने रेकी करके वाहन चोरी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी की बाइक और तमंचा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान राजवीर निवासी चोटपुर कॉलोनी के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ पहले से चोरी के सात केस दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### घरों पर धावा बोलकर नगदी-गहने चुराए

सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के थापखेड़ा गांव में गुरुवार की रात बदमाशों ने चार घरों पर धावा बोलकर नगदी, गहने और कीमती सामान चोरी लिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। थापखेड़ा गांव निवासी प्रदीप ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की रात गांव में बदमाशों ने धावा बोला। वे उनके घर से 10 हजार रुपये नगद और सोने-चांदी के गहने चुरा ले गए। बदमाशों ने प्रदीप के पड़ोसी बृजेश, गजेंद्र और राजवीर के घर में भी चोरी की। शुक्रवार सुबह पीड़ितों को चोरी का पता चला। कोतवाली प्रभारी पुष्पराज सिंह का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### सूरजकुंड मेले में पांच करोड़ का राम दरबार की पेंटिंग बनी आकर्षण का केंद्र

37वें सूरजकुंड मेले में तरह-तरह के हैंडीक्राफ्ट सहित तमाम उत्पाद देखने को मिलेंगे लेकिन राम दरबार की एक पेंटिंग आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। यह पेंटिंग अपनी कीमत के लिए चर्चा का विषय बनी हुई है। इस पेंटिंग की कीमत पांच करोड़ है, उसके बाद भी वह बिक्री के लिए नहीं है। दरअसल, गुजरात के रहने वाले गोपाल शर्मा ने राम दरबार की एक पेंटिंग बनाई है, जिसकी कीमत पांच करोड़ है, लेकिन वह उसे बेचना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि इस पेंटिंग में श्रीराम अपने राजतिलक के बाद दरबार में विराजमान हैं। गोपाल शर्मा ने बताया कि भगवान श्रीराम के प्रति उनकी बहुत ज्यादा आस्था है। इसलिए पेंटिंग वो नहीं बेचना चाहते। पेंटिंग को बनाने में पांच साल की मेहनत लगी है। गोपाल शर्मा को कई नेशनल अवार्ड भी मिल चुके हैं। इस पेंटिंग के लिए उन्हें राष्ट्रपति से शिल्प गुरु का अवार्ड भी मिल चुका है। उन्होंने कहा कि पेंटिंग की कला उनके पुरखों से चली आ रही है।

### मायावती बोलीं- कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित किया जाए

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सरकार से कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग की है। मायावती ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट में कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में जिन भी हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है उसका स्वागत है, लेकिन इस मामले में खासकर दलित हस्तियों का तिरस्कार एवं उपेक्षा करना कतई उचित नहीं है। सरकार को इस ओर भी जरूर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबासाहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लम्बे इंतजार के बाद वीपी सिंह की सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया था। उसके बाद दलित एवं उपेक्षितों के मसीहा कांशीराम का इनके हितों में किया गया संघर्ष कोई कम नहीं है। उन्हें भी भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए।

# प्राथमिक विद्यालय पतेई खादर में हुआ सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

## परिषदीय विद्यालय के विद्यार्थी करेंगे सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता, मनोज शर्मा



रहरा। सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी के तहत प्राथमिक विद्यालय पतेई खादर में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और वाहनों में सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी के लिए सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट सीट बेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाएं, साईनेज,ट्रैफिक लाइट, हैंड साइन, इमरजेंसी सेवा तथा अन्य संबंधित तथ्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यशाला में प्रधानाध्यापक/जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा विद्यालय समाज का प्रकाश स्तंभ है।इसके माध्यम से समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाई जा सकती है। लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सकता है। उन्होंने सड़क सुरक्षा के विभिन्न आयामों पर भी प्रकाश डालते हुए आगे कहा कि स्कूलों में सत्र के साथ-साथ गतिविधि आधारित शिक्षण प्रणाली से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियम सीखना अधिक प्रभावी होगा।ब्लॉक उपाध्यक्ष गौरव नागर ने कहा कि प्रतिवर्ष देश तथा राज्य में हजारों की संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही है, जिससे काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है। हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें तथा अपने घर परिवार के सदस्यों मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। यातायात नियम सभी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है। इसके कारण परिवार को बहुत बड़ी श्रति पहुंच सकती है। वाहन का परिचालन सही उम्र में करें अथवा आवश्यकता पड़ने पर अपने परिवारजनों की सहायता प्राप्त करें,जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लाई जा सके।सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यशाला के तहत विद्यालय में निबंध पोस्ट भाषण क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।यह प्रतियोगिता स्थानीय यातायात की समस्याओं में यातायात नियमों के प्रति आधारित थी। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 5 की राधिका प्रथम द्वितीय जागृति तृतीय दीपांशी तथा कला प्रतियोगिता में राधिका प्रथम आशी द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्रशांत ने प्राप्त किया।भाषण प्रतियोगिता में आदित्य सागर ने प्रथम , एवम् आयुषी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यशाला में विजेंद्र सिंह संदीप शर्मा ऋषभ चौधरी राजीव कुमार नन्हे सिंह प्रीतम कुमार सत्येंद्र कुमार शिक्षक समेत ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## अमरोहा महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी दें अपनी भागीदारी: एडीएम

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 12 फरवरी, से 20 फरवरी 2024 तक जनपद में प्रथम बार मनाए जाने वाले अमरोहा महोत्सव- 2024 की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने कहा कि दिनांक 12 फरवरी 2024 को 7 बजे अमरोहा महोत्सव का उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि महोत्सव में सभी अपनी भागीदारी से और एक दूसरे का सामंजस्य से बिठाकर कार्य करें ताकि महोत्सव को सफल बनाया जा सके।उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, जिला कार्यक्रम विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, आदि सहित 30-35 विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन्होंने क्षेत्राधिकार अमरोहा को निर्देश देते हुए कहा कि उक्त समय अवधि में ट्रैफिक की उचित व्यवस्था हो ताकि किसी प्रकार की समस्या न हो। ट्रैफिक व्यवस्था इस प्रकार हो कि जाम की स्थिति उत्पन्न ना हो।उन्होंने कहा कि अमरोहा महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा इसके दृष्टिगत भारी संख्या में लोग एकत्र होंगे इसलिए अनहोनी ना हो जिसके लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल को लगाया जाए।उन्होंने कहा जिस अधिकारी को जो जिम्मेदारी दी गई है उसका अच्छे से पालन करें और अमरोहा महोत्सव को सफल बनाएं उन्होंने कहा कि राम अमरोहा महोत्सव को यादगार बनाने के लिए उचित व्यवस्था हो क्योंकि इस महोत्सव में मंच पर कलाकार अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नौगावा सादात, उप जिलाधिकारी हसनपुर,उप जिलाधिकारी अमरोहा, क्षेत्राधिकारी अमरोहा, जिला विद्यालय निरीक्षक, उपनिदेशक कृषि आदि सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड-2024 से नवाजे गये डॉ सुधीर गिरि




प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। श्री वेंक्टेश्वरा समूह के खाते में आज एक और शानदार उपलब्धि दर्ज हो गयी। मेडिकल ऐजुकेशन एवं शानदार चिकित्सीय व स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि को ह्यह्यएक्सीलेन्स इन हैल्थ एण्ड मेडिकल सर्विसेजह्यह्य के लिए ह्यह्यहेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड-2024ह्यह्य से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें भारत सरकार के केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री मनसुख मांडविया जी ने प्रदान किया।नई दिल्ली प्रगति मैदान स्थित भारत मण्डपम में आयोजित ह्यह्यहेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड-2024ह्यह्य का शुभारम्भ केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, राज्यसभा सांसद श्री कार्तिकेय शर्मा, वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि एवं प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार श्री मनसुख मांडविया ने कहा कि आज मोदी जी की ह्यह्यगारन्टीह्यह्य के कारण भारतीय टेलेंट अब विदेशों का रूख न करके अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में लगे हैं। मोदी जी के विकसित भारत@2047 अभियान में स्वास्थ्य संस्थानों की भूमिका सर्वोच्य होगी। केन्द्रीय मंत्री ने वेंक्टेश्वरा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वेंक्टेश्वरा मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर देश के बाकी स्वास्थ्य संस्थानों को भी आगे आकर राष्ट्र विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के बल पर भारत अगले एक दशक में दुनिया का सिरमौर बनेगा। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि डॉ. राजीव त्यागी ने उपस्थित जनसमूह को विश्वविद्यालय एवं मेडिकल कॉलेज द्वारा शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में किये जा रहे शानदार कार्यों की विवरण रिपोर्ट प्रस्तुत की। वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि को ह्यह्यहेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड-2024ह्यह्य मिलने पर बधाई देने वालों का ताँता लग गया। उनको बधाई देने वालों में प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोड़ा, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, समूह सलाहकार आर.एस. शर्मा, कुलपति डॉ. अनिल कुमार शुक्ला, प्रतिकुलपति राकेश यादव, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे, डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राम निवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, डॉ. एल. एस. रावत, एस. एस. बघेल, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, अभिषेक जैन, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, आदि लोग रहे।

## पलवल: तेजधार चाकू से दुकानदार सहित भाई व पड़ोसी पर हमला

पलवल, एजेंसी




पलवल में मोबाइल शॉप के मालिक पर तीन युवकों ने चाकुओं से जानलेवा हमला करने का मामला शुक्रवार को सामने आया है। हमले में दुकानदार की गर्दन व शरीर पर गंभीर चोट हैं। पीड़ित दुकानदार को बचाने आए पीड़ित के भाई और पड़ोसी को भी हमलावरों ने घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैंप थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार हरि नगर निवासी रजत ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि रसूलपुर रोड पुल के पास उसकी मोबाइल शॉप है। सात फरवरी की रात को करीब साढ़े आठ बजे वह अपनी दुकान से निकल रहा था। इसी दौरान लोहागढ़ गांव निवासी तरुण, अमित व रगवीर वहां आ गए। बचाने आए भाई को भी घायल किया। आरोप है कि तरुण ने उसे पकड़ कर अपने हाथ में लिए चाकू से गर्दन पर पीछे से वार कर दिया। उससे छूटने का प्रयास किया तो आरोपी अनिल ने भी उस पर चाकू से वार कर दिया। पीड़ित के शोर मचाया तो विजय व उसका भाई गुलशन मौके पर आ गए। आरोपितों ने उन पर भी हमला कर दिया। इस हमले को देखकर भीड़ एकत्रित हो गई। हमलावर धमकी देते फरार हुए। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। परिजन दुकानदार व उसके भाई को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। पलवल के कैंप थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच अधिकारी ने बताया कि मारपीट के मामले की सीसीटीवी फुटेज मिली है, जिसकी जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## औद्योगिक प्लॉट दिलाने के नाम पर 35 लाख हड़पे



ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

शहर निवासी व्यक्ति से दो लोगों ने दो औद्योगिक प्लॉट बेचने का झांसा देकर 35 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों प्लॉट पर 40 करोड़ रुपये का लोन बकाया है। सेक्टर पाई-1 स्थित सोसाइटी निवासी श्योराज सिंह भाटी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने सूरजपुर के साइट-सी औद्योगिक क्षेत्र स्थित इंडस्ट्री के दो प्लॉट खरीदने के लिए मोसिन मोहम्मद और नदीम अहमद से संपर्क किया। करीब 20 करोड़ रुपये में दोनों प्लॉट का सौदा तय हुआ। उन्होंने 11 नवंबर 2022 को उक्त प्लॉट के लिए 35 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद उन्हें पता चला कि मोहसिन मोहम्मद ने पहले भी राजीव गोयल के पक्ष में लिखित इकरारनामा कराकर 50 लख रुपये ले रखे हैं। उन्होंने जब प्लॉट के संबंध में और जानकारी हासिल की तो पता चला कि दोनों प्लॉटों पर 40 करोड़ रुपये का लोन बकाया है। बैंक दोनों प्लॉट के खिलाफ जब्ती और विक्रय की कार्रवाई करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आरोपियों से अपने रुपये वापस मांगे तो उन्होंने इससे इनकार कर दिया। पुलिस ने आरोपी मोसीन मोहम्मद, नदीम अहमद, मोहम्मद साबिर और नासिरा बेगम के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## संगम में उमड़ा आस्था का ज्वार, डेढ़ करोड़ ने लगायी डुबकी

प्रयागराज, एजेंसी

तीर्थराज प्रयाग में माघ मेला के तीसरे सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर दोपहर 12 बजे तक एक करोड़ 40 लाख श्रद्धालु पतित पावनी गंगा, श्यामल यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके थे।संगम किनारे तड़के दूधिया रोशनी के बीच आधी रात के बाद चार से ही महिलाएं, पुरूष, युवा, बच्चे और दिव्यांगों ने हर हर गंगे, ऊं नमः शिवाय, तथा कुछ श्रद्धालु मौन रहकर पुण्य की डुबकी लगानी शुरू कर दी। शीत लहर का झोंका भी श्रद्धालुओं की आस्था को डिगा नहीं पाया। जैसे.जैसे दिन चढ़ता गया श्रधालुओं के कदम संगम की ओर बढ़ते रहे। बुधवार शाम से श्रद्धालु अपने परिचितों के शिविरों में पहुंचकर ठहरना शुरू कर दिया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुबह से 12 बजे तक एक करोड़ 40 लाख श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगायी। इससे पहले 10 बजे तक एक करोड़ 15 लाख कल्पवासी, साधु-संत एवं दूर दराज से पहुंचे स्नानार्थियों ने स्नान कर चुके थे। मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद ने बताया कि संगम समेत कुल 12 घाट आठ हजार रनिंग फीट में बनाए गए हैं। स्नान घाटों पर महिलाओं के लिए बड़ी संख्या में चेंजिंग रूम बनाए गये हैं। संगम पर तीन दिशाओं में सनान घाट तैयार किए गये हें। एक तो संगम नोज पर बृहद घाट बनाया गया हैए दूसरा संगम नोज के ठीक सामने अरैल क्षेत्र में और तीसरा गंगा पार झूंसी तरफ घाट तैयार कराया गया है। स्नानए सकुशल आयोजन को मेला प्रशासन मुस्तैद है। सनातन धर्म रक्षक समिति के सलाहकार आचार्य सरस्वती प्रसाद पाण्डे ने बताया कि मौनी अमावस्या पर अबकी ग्रह नक्षत्रों के मिलन से चतुरग्रहीय योग के अद्भुद संयोग बने हैं जिससे स्नान पर्व का महत्व बढ़ गया है। मकर राशि में चंद्रमाए सूर्यए मंगल और बुध ग्रह का संचारण होने से चतुर्ग्रहीय योग बना है। इससे संगम के पवित्र जल में स्नान करने वाले के धन और वैभव में वृद्धी होगी। आचार्य पाण्डे ने बताया कि माघ माह के कृष्ण पक्ष में आने वाली अमावस्या को माघ अमावस्या या मौनी अमावस्या कहा जाता है। इस दिन मौन रहते हुए पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है।

## सूरजकुंड मेला: मुख्य व छोटी चौपाल पर कलाकारों ने प्रस्तुत किए शानदार कार्यक्रम

### हास्य कलाकार मास्टर महेंद्र ने दर्शकों को खूब गुदगुदाय

फरीदाबाद, एजेंसी



37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला के शुक्रवार को आठवें दिन मुख्य चौपाल तथा छोटी चौपाल पर विदेशी कलाकारों के साथ-साथ देश के विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों ने अपनी समृद्ध संस्कृतियों से सराबोर शानदान प्रस्तुतियां दीं। दर्शकों का दिन भर मनोरंजन किया। मुख्य चौपाल पर विशेषकर विदेशी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से धमाल मचाया। दर्शकों ने भाषा के बंधनों को तोडक इन कलाकारों की प्रस्तुतियों का खूब लुत्फ उठाया तथा कलाकारों का तालियों से हौंसला बढ़ाया। हरियाणा के हास्य कलाकार मास्टर महेंद्र ने अपने हास्य रचनाओं से हरियाणा की हाजिर जवाबी तथा मौज मस्ती की प्रस्तुतियों से दर्शकों को खूब हंसाया। मुख्य व छोटी चौपाल पर कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों में गुजरात के कलाकारों का ताली रास नृत्य भी शामिल रहा, जो नवरात्रि के अवसर पर महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। इथोपिया के कलाकारों ने भी अपने लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर धमाल मचाया। बोतस्वाना गणराज्य के कलाकारों ने अपने लोक नृत्यों फटीसी आदि के माध्यम से अपनी समृद्ध संस्कृति की झलक बिखेरी। कजाकिस्तान के कलाकारों ने वाद्ययंत्रों की सुरीली धुनों के साथ-साथ लोकगीतों की भी शानदार प्रस्तुतियां दीं। असम के कलाकारों ने प्रसिद्ध बीहू नृत्य की शानदार प्रस्तुति पर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। यह नृत्य विभिन्न ऋतुओं के अनुसार किया जाता है। असम में राज्य स्तर पर बीहू क्वीन का चयन भी किया जाता है। यह नृत्य सम्पूर्ण आसाम में बहुत लोकप्रिय है। छोटी चौपाल पर महाराष्ट्द्ध के सैय्यद एंड पार्टी ने लावणी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने होली के रंगों पर आधारित अपनी प्रस्तुति में महाराष्ट्द्ध की समृद्ध संस्कृति प्रदर्शित की। विश्वजीत शर्मा की टीम ने शानदार भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया। इनके अलावा अन्य विदेशी कलाकारों तथा विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक टीमों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गईं।

## तेल की आपूर्ति करने का झांसा देकर 12 लाख ऐंठे




नोएडा, एजेंसी

साइबर अपराधी ने सरसों के तेल की सप्लाई करने का झांसा देकर कंपनी मालिक से 12 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने गूगल से नंबर लेकर तेल के लिए ऑनलाइन ऑर्डर दिया था। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। ग्रेटर नोएडा के जलवायु विहार निवासी प्रथा मोहंती ने पुलिस को बताया कि सरकारी टेंडर पर काम करने वाली उनकी एक कंपनी है। बीते दिनों वह इंडिया मार्ट पर सरसों के तेल की आपूर्ति करने वाले स्टोर और लोगों के बारे में ऑनलाइन सर्च कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें गूगल पर एबी इंटरप्राइजेज के बारे में जानकारी मिली। यहां से जानकारी लेकर उन्होंने सीनियर मैनेजर सेल्स शिवम शर्मा को फोन किया और वार्ता करने के बाद सात लाख 80 हजार रुपये का परचेज ऑर्डर दिया। इसके बाद उनको कुछ और तेल की आवश्यकता महसूस हुई। झांसे में आने के बाद उन्होंने कथित सीनियर मैनेजर के बताए खाते में 12 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। तय समय पर तेल नहीं पहुंचा तो उन्होंने कथित मैनेजर को फोन किया तो उसका नंबर बंद मिला। काफी प्रयास के बाद भी जब उससे संपर्क नहीं हो पाया तो उन्होंने पुलिस से मामले की शिकायत की। जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उनके बारे में जानकारी जुटा रही है।

## पलवल से अयोध्या के लिए रोडवेज बस शुरू

फरीदाबाद, एजेंसी



विधायक दीपक मंगला ने शुक्रवार को पलवल से अयोध्या धाम तक चलने वाली हरियाणा रोडवेज बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन एवं होडल विधायक जगदीश नायर,हथीन विधायक प्रवीण डागर सहित गणमान्य लोग मौजूद थे। विधायक दीपक मंगला ने कहा कि अयोध्या में श्री राम लला के दर्शन करने के लिए पलवल बस डिपो से रोडवेज बस की सेवा शुरू कर दी गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पलवल जिले के लोगों को एक बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि यह बस हर रोज श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या जाएगी। बस सेवा शुरू करने पर श्रद्धालुओं में उत्साह भरा हुआ है। हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के अध्यक्ष व होडल के विधायक जगदीश नायर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा अयोध्या के लिए बस चला कर पुनीत कार्य किया है। इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री एवम फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद कृष्णपाल गुर्जर का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की भावनाएं श्री राम मंदिर से जुड़ी हुई हैं स्थानीय लोग अयोध्या के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य बना सकते हैं। विधायक प्रवीण डागर ने कहा कि पलवल से अयोध्या के लिए शुरू की गई बस सेवा से स्थानीय लोगों को अयोध्या धाम के दर्शन करने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर प्रदेश के प्रत्येक जिले में बस सेवा शुरू की जा रही है। महाप्रबंधक हरियाणा रोडवेज नवनीत सिंह ने बताया कि यह बस प्रतिदिन सुबह 7 बजे पलवल बस स्टैंड से अयोध्या के लिए रवाना होगी और पलवल, होडल, कोसी, मथुरा, आगरा, लखनऊ होते हुए करीब 650 किलोमीटर का सफर तय कर रात साढे 10 बजे अयोध्या पहुंचेगी। पलवल से अयोध्या के लिए किराया 925 रूपए तय किया गया है। श्रद्धालु ऑनलाइन टिकट बुकिंग कर सकते है।

## मोदी सरकार ने जीत लिया दिल : जयंत

लखनऊ, एजेंसी

पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के भारत सरकार ऐलान को राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने भाजपा से गठबंधन पर कहा कि आज मैं किस मुंह से इनकार करूं, मोदी सरकार ने दिल जीत लिया है। उन्होंने एक पत्रकार वार्ता में कहा है कि चौधरी चरण सिंह को बहुत बड़ा सम्मान मिला। आज चौधरी अजित सिंह का सपना पूरा हुआ है। आज का फैसला पीढ़ी दर पीढ़ी याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री देश की मूल भावना समझते हैं। इस फैसले को गठबंधन से न जोड़ा जाए। भाजपा से गठबंधन से इनकार नहीं। नए भारत में चीजें बदल रही हैं। प्रधानमंत्री का फैसला दिल जीतने वाला है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के इस बयान के बाद उत्तर प्रदेश में प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और इंडी. गठबंधन के पूरी तरह से लोकसभा चुनाव से पूर्व ही बिखरता हुआ दिख रहा है। यूपी में लगभग सभी दल सपा से किनारा करते जा रहे हैं। विधानभवन में गूंजे 'पीएम मोदी जिंदाबाद' के नारे पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के फैसला का रालोद विधायकों ने भी स्वागत किया है। उप्र विधान सभा में सदन की कार्यवाही के बाद रालोद के सभी विधायकों ने विधान भवन स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष चौधरी चरण सिंह अमर रहें..., अमर रहें... के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ज़िंदाबाद के नारे बुलंद किए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का निर्णय न केवल स्वागत योग्य है बल्कि प्रशंसनीय भी है। पूर्व की सरकारों ने किसानों के मसीहा के संघर्षों को कभी इस तरह से नहीं देखा।

## सूरजकुंड मेला: सहारनपुर के 70 वर्षीय फैयाज अहमद वुडन आर्ट को दिलवा रहे हैं पहचान

फरीदाबाद, एजेंसी

37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में वुडन आर्ट को देश-विदेश में प्रसिद्धि दिलवाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार तथा शिल्प गुरू पुरस्कार से सम्मानित फैयाज अहमद की कृतियों को पर्यटक खूब सराह रहे हैं। फैयाज की तीसरी पीढ़ी वुडन आर्ट को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। सरकार द्वारा उनके प्रयासों को पहचान दिलाने के लिए 2007 में राष्ट्रीय पुरस्कार तथा 2011 में उन्हें शिल्प गुरू पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। शिल्प मेला परिसर के स्टॉल संख्या-1283 पर वुडन आर्ट की कृतियां प्रदर्शित की गई हैं। सहारनपुर के 70 वर्षीय शिल्पकार फैयाज अहमद को वुडन टेबल पर पीतल की नक्काशी की कृति पर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह कृति इनके स्टॉल पर उपलब्ध है, जिसकी कीमत 4 लाख रुपए है। इस स्टॉल पर फ्लावर पॉट के अलावा रसोई के बर्तन, लालटेन, कुर्सी, स्टूल, सोफा-सेट, डिनर-सेट, प्लांटर, झूले, दीवार घड़ी, मसाले बॉक्स आदि वुडन क्राफ्ट उपलब्ध है। फैयाज अहमद ने 18 वर्ष की आयु में इस पुस्तैनी आर्ट को अपनाया तथा उनकी तीन पीढियां इस व्यवसाय को आगे बढ़ाने में लगी हुई हैं।



# बिना परमिशन करीना का नाम लेना गलत है

**एक्ट्रेस कुशा कपिला ने यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव के कमेंट पर अपना रिएक्शन दिया है। रअसल, एल्विश यादव ने कुशा कपिला को 'सस्ती करीना कपूर' कहा था। कुशा ने कहा कि एल्विश का ये कमेंट गलत था क्योंकि करीना कपूर खान का नाम लेने के लिए उनके पास परमिशन नहीं थी।**

इंटरव्यू में कुशा से सस्ती करीना कपूर विवाद के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा- इसका क्या मतलब है? करीना कपूर ने इसके लिए परमिशन नहीं दी है। वो बेगम हैं, उनका नाम कहीं भी इस्तेमाल करने के लिए पहले उनसे परमिशन लिजिए। इस तरह बिना उनके परमिशन के नाम लेना गलत है। इसके बाद कुशा ने हंसते हुए कहा- आपने मीम नहीं देखा ये, एल्विश भाई के आगे कोई कुछ बोल सकता है क्या? कुशा ने कहा- उन्होंने मेरी तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। हाल ही में एक शो के इवेंट में एल्विश के को-एक्टर मुझसे मिले थे। एल्विश ने उनसे कहा था कि कुशा ने अभी तक मुझे ब्लॉक किया है।

## कुशा कपिला ने की रिजेक्शन पर बात

कुशा ने ऑडिशन में रिजेक्ट किए जाने के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा- मैं कुशा कपिला द डिजिटल क्रिएटर बनकर ऑडिशन में नहीं जा सकती। उन्होंने कहा मैं ये नहीं कह सकती हूं कि मेरा इंस्टाग्राम चेक करो। मैंने हमेशा हर ऑडिशन में अपना इंट्रो दिया है। मुझे बहुत रिजेक्ट भी किया गया है और मैंने बहुत सारे ऑडिशन दिए हैं। मैंने अपनी पहली फिल्म घोस्ट स्टोरीज के लिए कोई ऑडिशन नहीं दिया था। एल्विश यादव रोस्ट के वीडियोज भी बनाते हैं। एक बार एल्विश यादव ने लक्ष्य चौधरी के साथ मिलकर कुशा कपिला और कई फेमस यूट्यूबर को रोस्ट किया था। इसके जवाब में कुशा कपिला ने इस वीडियो का जवाब भी दिया था, जिसके बाद वो सुर्खियों में आ गई थीं।

## जून 2023 में हुआ था कुशा का तलाक

कुशा जून 2023 में अपने पति जोरावर अहलूवालिया से अलग हो गईं। 6 साल की शादी के बाद कपल ने तलाक ले लिया। इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए कुशा ने इस बात की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि ये फैसला उनके लिए बेहद मुश्किल रहा है।


## कुशा कपिला की फिल्में

कुशा कपिला शिल्पा शेट्टी के साथ फिल्म सुखी में नजर आई थीं। वहीं आखिरी बार शहनाज गिल के साथ फिल्म थैंक्यू फॉर कमिंग में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ भूमि पेडनेकर, शिबानी बेदी, डॉली सिंह, करण कुंद्रा लीड रोल में नजर आए थे। फिल्म को करण बुलानी ने डायरेक्ट किया था।



# अपने इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ना चाहती हैं वामिका

वामिका गब्बी बॉलीवुड की उभरती हुई आदाकारा हैं। एक्टिंग के साथ अपनी बोल्डनेस की वजह से भी वे सुर्खियों में बनी रहती हैं। वामिका जल्द ही वरुण धवन की एक्शन फिल्म बेबी जॉन में नजर आने वाली हैं। पिछला साल उनके करियर के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुआ था। 2023 में उन्होंने छह शानदार प्रोजेक्ट में काम कर खूब वाहवाही लूटी थी अभिनेत्री ने अपने आगे के लक्ष्य पर बात करते हुए कहा कि मैं अच्छे लोगों के साथ काम करना जारी रखना चाहता हूं और मुझे पता है कि मैं जिस तरह से काम करती हूं। उस तरह मैं 2023 के काम करने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दूंगी।



# एलओसी रद्द करने के लिए रिया चक्रवर्ती ने दायर की थी अपील, बॉम्बे हाईकोर्ट ने टाला फैसला

बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अभिनेत्री के खिलाफ एक स्थायी लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया था, जिसमें उन्हें अदालत की पूर्व मंजूरी के बिना विदेश यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। बॉम्बे हाई कोर्ट ने गुरुवार को रिया चक्रवर्ती, उनके भाई शोविक और उनके पिता द्वारा दायर याचिका पर अपना फैसला टाल दिया, जिसमें उनके खिलाफ जारी लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) को रद्द करने की मांग की गई थी। यह एलओसी केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के मामले में चल रही जांच के बीच जारी किए गए थे। हालांकि, दिसंबर 2023 में उच्च न्यायालय ने एलओसी को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया था, क्योंकि उनकी दुबई में कुछ पेशेवर प्रतिबद्धताएं थीं। वहीं अब गुरुवार को अभिनेत्री के साथ भाई शोविक और उनके पिता द्वारा याचिका दायर किए जाने के बाद अदालत ने एलओसी रद्द करने पर अपना फैसला टाल दिया है। अधिवक्ता अयाज खान ने अदालत से तर्क दिया कि यदि आरोपी नियमित रूप से अदालत में पेश नहीं होते हैं और गिरफ्तारी से बचते हैं तो एलओसी जारी की जानी चाहिए।

## पटना में दर्ज की गई थी एफआईआर

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने सीबीआई के रुख को चुनौती दी कि केवल एफआईआर की उपस्थिति ही एलओसी जारी करने के लिए पर्याप्त आधार है। पीठ ने कहा कि एलओसी ने प्राप्तकर्ताओं के फरार होने का कोई संदेह व्यक्त नहीं किया। दरअसल, दिल्ली में सीबीआई को स्थानांतरित होने से पहले सुशांत सिंह राजपूत के परिवार द्वारा पहली बार एफआईआर पटना में दर्ज की गई थी। रिया चक्रवर्ती के मामले पर वकील अभिनव चंद्रचूड़ और प्रसन्ना भंगाले ने बहस की, जिन्होंने कहा कि मुंबई सही क्षेत्राधिकार था, क्योंकि सुशांत सिंह राजपूत और रिया चक्रवर्ती दोनों वहां रहते थे और सीबीआई ने इस शहर में अपनी जांच की।



# थलापति 69 होगी विजय की आखिरी फिल्म एटली करेंगे डायरेक्ट!

तमिल फिल्मों के स्टार थलापति विजय जल्द ही राजनीति की दुनिया में एंट्री करने वाले हैं। उन्होंने हाल ही अपनी पॉलिटिकल पार्टी का भी नाम अनाउंस कर दिया। लेकिन इसके साथ ही विजय ने एक्टिंग को अलविदा कहने का भी फैसला कर लिया है। थलापति ने हाल ही अनाउंस किया कि वह एक्टिंग छोड़ देंगे क्योंकि वह राजनीति में एंट्री के बाद आम जनता के लिए काम करना चाहते हैं। थलापति विजय ने यह भी अनाउंस किया कि थलापति 69 की उनकी आखिरी फिल्म होगी। अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। कहा जा रहा है कि थलापति 69 को जवान के डायरेक्टर एटली डायरेक्ट करेंगे। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि एटली के कारण थलापति विजय को वह हिट हिट फिल्म मिल सकती है, जिसका वह काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल एटली ने थलापति विजय के साथ मर्सल, थेरी और बिगिल जैसी फिल्में बनाईं, और वो तीनों ही हिट रहीं। लेकिन इसके बाद थलापति विजय की जो भी फिल्में आईं, वो पिट गईं। ऐसे में इस बात की चर्चा हो रही है कि थलापति विजय की इस आखिरी फिल्म को एटली डायरेक्ट करेंगे।

# रणबीर एक बार फिर निगेटिव किरदार में दिखेंगे



संजय लीला भंसाली की आने वाली फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल नजर आएंगे। खबरों की मानें तो फिल्म में रणबीर एक ग्रे यानी कि निगेटिव किरदार निभाते दिखेंगे।

## फिल्म में लव ट्राएंगल दिखाई देगा

जब से संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर की अनाउंसमेंट हुई है, तब से फिल्म सुर्खियों में है। लव एंड वॉर एक एक्शन लव स्टोरी होगी, जिसमें रणबीर कपूर टेढ़ा-मेढ़ा ग्रे किरदार निभाते दिखेंगे। फिल्म से जुड़े करीबी सूत्रों ने बताया है कि फिल्म मेकर संजय लीला भंसाली के पास कुछ समय से इस तरह की फिल्म बनाने का विचार था। हालांकि उन्होंने आलिया और विक्की कौशल को फिल्म के लिए पहले से ही सोच लिया था। लेकिन सालों से वे उस चेहरे की तलाश में थे, जो अब रणबीर कपूर फिल्म में निभाते दिखाई देंगे। ये एक ऐसा रोल होगा जो फिल्म में कभी इधर तो कभी उधर, पेंडुलम की तरह डोलता नजर आएगा। लव एंड वॉर एक लव ट्राएंगल होगी, जिसके बैकग्राउंड में वॉर का भी अहम योगदान होगा। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म एनिमल में रणबीर की परफॉर्मेंस संजय लीला भंसाली को बहुत अच्छी लगी। इसलिए फिल्म मेकर ने रणबीर कपूर को इस रोल के लिए कास्ट किया है। सूत्र बताते हैं कि ये भंसाली की फिल्मों में दिखाए गए अब तक का सबसे कॉम्प्लेक्स किरदार होगा।

इस रोल के लिए एक ऐसे कलाकार की जरूरत थी, जो ना सिर्फ टैलेंटेड एक्टर हो, बल्कि एक सुपरस्टार भी हो। ये किरदार बहुत पावरफुल होगा। एनिमल की सफलता को देखते हुए रणबीर ने अपनी फीस 30 करोड़ रुपए से बढ़ाकर सीधा 65 करोड़ रुपए कर ली। यहां तक कि रणबीर से जुड़े एक करीबी की मानें तो उनकी वाइफ आलिया और उनकी मां नीतू कपूर को भी नहीं पता कि एनिमल के बाद रणबीर अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए कितनी फीस ले रहे हैं।



# अंकिता ने विक्की जैन संग तलाक लेने पर तोड़ी चुप्पी, बोलीं - अगर हम नॉर्मल कपल होते तो..

**टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस 17 की फेमस कंटेस्टेंट अंकिता लोखंडे इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। बिग बॉस के घर से बाहर निकलने के बाद अब वे इंटरव्यू देकर अपनी सास के बयानों और अपने बिहेवियर पर सफाई दे रही हैं। मनारा चोपड़ा संग उनके गंदे झगड़े के कारण यूजर्स ने उन्हें जमकर ट्रोल किया था। पूरे सीजन में अच्छा खेलने वाली अंकिता शो ने शो के एंड में अपनी पूरी फेम गिरा ली। तब से लेकर अभी तक एक्ट्रेस को काफी ट्रोलिंग झेलनी पड़ रही है। बिग बॉस 17 में कई बार अंकिता को उनके पति विक्की जैन के साथ झगड़ते देखा गया।**

## बिग बॉस में कही बातों पर अंकिता की सफाई

शो में विक्की जैन ने बातों ही बातों में अंकिता को इन्वेस्टमेंट बता दिया था। वहीं, दूसरी तरफ अंकिता ने पति को तलाक देने की बात कही थी। नेशनल टीवी पर एक्ट्रेस ने यह तक कह दिया था कि उन्हें लगता है कि दोनों को अपने रिश्ते से ब्रेक लेना चाहिए। अब हाल ही में अंकिता ने शो खत्म होने के बाद मीडिया से बातचीत की है। उन्होंने अपने पति विक्की जैन से तलाक लेने की बात पर चुप्पी तोड़ी है। मनारा संग अपने झगड़े और अपनी सास रंजना द्वारा कही गई बातों पर सफाई दी है। अंकिता ने मीडिया से बातचीत में कहा, हमने सालों की दोस्ती के बाद शादी की है।

## हम दोनों पहले से ज्यादा स्ट्रांग हैं

हम सिर्फ बातें कह जाते हैं और लोग उसे सीरियसली ले लेते हैं। मैं समझदार नहीं हूं और मुझे खुद पर और ज्यादा काम करने की जरूरत है। मुझे इस बात को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है कि मैं नेशनल टीवी पर क्या बोल रही हूं। मैं अब भी ये सीख रही हूं। अगर हमारा रिश्ता मजबूत न होता, तो हम इतना झगड़ते ही नहीं। इसके आगे अंकिता कहती हैं, अगर हम नॉर्मल कपल होते, तो ये नहीं होता क्या, सिर्फ यही फर्क है कि हमारा ये झगड़ा टीवी पर आ गया और कैमरा में कैप्चर हो गया। हालांकि, इन सब चीजों की वजह से हमारा रिश्ता मजबूत हुआ है। मैं समझ गई हूं कि मैं कहां गलत थी, वो समझ गया है कि वह कहां गलत था। हम दोनों ही पहले से ज्यादा मजबूत हैं।



# अब्बास-मस्तान की फिल्म में फिर दिखेंगे बॉबी देओल-अक्षय खन्ना

मनोरंजन जगत में इन दिनों सीक्वल और फ्रेंचाइजी का दौर चल रहा है। आने वाले दिनों में सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त सिंघम 3, वेलकम 3, भूल भुलैया 3 और हाउसफुल 5 जैसी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं। इसी कड़ी में क्लासिक फिल्मों में से एक हमराज के सीक्वल को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। रिपोर्ट्स की मानें तो, प्रतिष्ठित निर्देशक जोड़ी अब्बास-मस्तान हमराज 2 के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार हैं।

## हमराज 2 की स्क्रिप्ट तैयार!

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब्बास-मस्तान ने निर्माता रतन जैन के साथ मिलकर हमराज 2 के लिए कथानक तैयार किया है। सीक्वल एक रोमांचक कहानी का वादा करती है, जो मूल की सफलता पर आधारित है। जानकारी के मुताबिक, अब्बास-मस्तान और रतन जैन पिछले दो साल से हमराज के सीक्वल पर विचार कर रहे थे। बहुत विचार-विमर्श के बाद, रचनात्मक टीम ने आखिरकार एक ऐसी स्क्रिप्ट तैयार कर ली जो पैमाने और कहानी के मामले में मूल से आगे निकलने का वादा करती है।

## पिछले दो साल से चल रही चर्चा!

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो साल में, अब्बास-मस्तान और उनकी टीम ने हमराज 2 के लिए 100 विचारों पर चर्चा की है, लेकिन कभी भी ऐसा कुछ सामने नहीं आया जो एक योग्य पूर्ववर्ती के रूप में कार्य करता हो। आखिरकार, लगभग एक महीने पहले यह जोड़ी कुछ ऐसा करने में कामयाब रही जो न केवल बड़ी है बल्कि पहले भाग से भी बेहतर है। प्रोडक्शन टीम प्रोजेक्ट में शामिल होने के लिए अभिनेताओं से संपर्क करने की योजना बना रही है, साथ ही मूल कलाकारों को संभावित रूप से वापस लाने पर भी चर्चा चल रही है।

## बॉबी देओल-अक्षय खन्ना फिर आएंगे साथ?

सूत्र के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है, अभी तक तय नहीं है कि यह सीधे तौर पर सीक्वल है या फ्रेंचाइजी फिल्म है, लेकिन फिल्म में बॉबी देओल और अक्षय खन्ना को वापस लाने के विचार के संबंध में रतन जैन के कार्यालय में कुछ हलचल है। कास्टिंग पर जल्द ही स्पष्टता होगी। हमराज की बात करें तो यह साल 2002 में रिलीज हुई थी। मूवी में बॉबी देओल, अक्षय खन्ना और अमीषा पटेल मुख्य भूमिका में नजर आए थे। ट्विस्ट और टर्न्स से भरपूर इस दिलचस्प फिल्म ने बड़ी सफलता हासिल की थी।






## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली फार्मा की वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में आय में 37.59 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी।** वैशाली फार्मा लिमिटेड, फार्मास्यूटिकल प्रोडक्ट्स के विभिन्न रेंज के उत्पादन और मार्केटिंग में लगी हुई, ने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही और 9 महीने के अपने अनआडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, वैशाली फार्मा लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री अतुल वासानी ने कहा, हम हमारे वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही का परिणाम पेश कर हर्षित है, जो इनोवेशन, उच्च गुणवत्ता के मानकों और बहुमूल्य भागीदारियों के मार्फत व्यूहात्मक ग्लोबल विस्तार के प्रति हमारी दृढ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है. गौरतलब है कि हमने एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के मार्फत हमारे नए ब्रांड को पेश किया है, जो स्वास्थ्य और कल्याणकारी सॉल्यूशंस प्रदान करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, जो जीवन में इजाफा करते हैं. इसके अतिरिक्त सीपीएचआई बर्सिलोना (स्पेन) में हमारी भागीदारी ग्लोबल मार्केट में हमारी सक्रिय सहभागिता को रेखांकित करती है. हमारे यूट्रास्यूटिकल प्रोडक्ट्स सेगमेंट समेत मौजूदा सहयोग और व्यूहात्मक उपक्रम हमें भावी ग्रोथ की स्थिति में लाते हैं. हम हमारी यात्रा के उत्कृष्टता, स्टेकहोल्डर की वैल्यू को प्राथमिकता देने और ग्लोबल हेल्थ केयर सुधार में उल्लेखनीय योगदान देने की दिशा में आगे बढ़ाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं.

### आईआईटी मद्रास के पूर्व विद्यार्थियों और सीएसआर भागीदारों के आर्थिक योगदान से बी.टेक. के सभी विद्यार्थी निश्चिंत होकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर पाएंगे

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) में बी.टेक. के 100 प्रतिशत विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता मिले यह सुनिश्चित करने के लिए संस्थान के पूर्व विद्यार्थी और सीएसआर भागीदार एक एक जुट हो गए हैं। यह स्कॉलरशिप उन विद्यार्थियों को दिया जाएगा जिनके माता-पिता की वार्षिक आय लगातार दो वर्षों (2022-23 और 2023-24) में 1 लाख रुपये से 5 लाख रुपये के बीच है। आईआईटी मद्रास, केंद्र और राज्य सरकार संस्थान के विद्यार्थियों को कई आर्थिक सहायता और स्कॉलरशिप देते हैं जिनमें एक 'मेरिट-कम-मीन्स' (एमसीएम) स्कॉलरशिप है।संस्थान के सभी प्रोग्राम में प्रवेश प्राप्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों का शिक्षा शुल्क माफ होता है चाहे उनके माता-पिता की जो भी आमदनी हो। एमसीएम स्कॉलरशिप के साथ-साथ भारत सरकार द्वारा दो-तिहाई शिक्षा शुल्क माफ करने के बाद ईडब्ल्यूएस/जीई/ओबीसी श्रेणियों में बी.टेक/डुअल डिग्री के सभी विद्यार्थियों का पूरा शिक्षा शुल्क माफ हो जाता है, यदि वे इसकी कुछ आवश्यक योग्यता पूरी करते हैं।यह आर्थिक सहयोग मिलने से छात्र अपना पूरा ध्यान अपनी पढ़ाई और भविष्य में उच्च शिक्षा लेने पर केंद्रित कर पाते हैं।उनके मन पर आर्थिक बाधा या शिक्षा ऋण का बोझ नहीं रहता है। आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि ने इस तरह की आर्थिक सहायता को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, हम जरूरतमंद विद्यार्थियों को यथा संभव आर्थिक सहायता देना चाहते हैं।इस कोशिश को कामयाब बनाने में लगे आर्थिक योगदान करने वाले सभी लोगों को मैं हार्दिक धन्यवाद देता हूं।'' वर्ष 2022-23 में 490 विद्यार्थियों को 3.26 करोड़ रुपयों का स्कॉलरशिप दिया गया।चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में इससे बढ़कर 495 विद्यार्थियों को 3.30 करोड़ रुपयों का स्कॉलरशिप दिया गया।

# विदेशी पोर्टफोलियो ने जनवरी में की 40,000 करोड़ रुपये की बिकवाली

## फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में सबसे ज्यादा शेयर बेचे

### आईटी सेक्टर में लगातार तीसरे महीने विदेशी पोर्टफोलियो ने खरीदारी की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने नवंबर और दिसंबर में भारतीय शेयरों में अरबों डॉलर झोंके थे। लेकिन जनवरी में उन्होंने सारी कसर निकाल दी। आंकड़ों के मुताबिक बीते महीने ने भारतीय बाजार में सात सेक्टरों में 40,300 करोड़ रुपये यानी 4.8 अरब डॉलर की बिकवाली की। लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान में फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर रहा। पिछले महीने एफपीआई ने इस सेक्टर में 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की। दिसंबर में उन्होंने फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में 29,000 करोड़ रुपये की खरीदारी की थी।




एफपीआई ने खासकर एचडीएफसी बैंक के शेयरों में जमकर बिकवाली की। जनवरी में इस बैंक के शेयरों में 14 फीसदी गिरावट रही जो मार्च 2020 के बाद सबसे बड़ी मंथली गिरावट है। कमाई के मोर्चे पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं होने से ब्रोकरेज ने इसके शेयर को डाउनग्रेड कर दिया। इससे निवेशकों ने जमकर इसकी बिकवाली की। फाइनेंशियल सेक्टर के बाद एफपीआई ने सबसे ज्यादा बिकवाली कंज्यूमर गुड्स और ऑटोमोबाइल सेक्टरों में की। जनवरी में विदेशी निवेशकों ने इनमें से प्रत्येक सेक्टर में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे। साथ ही मेटल्स एंड माइनिंग और मीडिया एंड एंटरटेनमेंट सेक्टर में भी एफपीआई ने बिकवाली की।

#### विदेशी निवेशकों ने क्या खरीदा

विदेशी निवेशकों ने जनवरी में मीडिया एंड एंटरटेनमेंट सेक्टर में 1,746 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जो दिसंबर के 1,248 करोड़ की तुलना में अधिक है। इस सेक्टर में सबसे ज्यादा बिकवाली जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज में देखने को मिली। जी और सोनी के बीच 10 अरब डॉलर की डील टूटने का कारण जी के शेयरों में जनवरी में 37 फीसदी गिरावट आई। यह मार्च, 2020 के बाद कंपनी के शेयरों में सबसे बड़ी गिरावट है। इस कंपनी में एफपीआई की 28 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। मेटल्स एंड माइनिंग सेक्टर में एफपीआई ने जनवरी में 1,627 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जबकि दिसंबर में उन्होंने 1,311 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। जनवरी में एफपीआई नेट सेलर्स रहे लेकिन उन्होंने आईटी, ऑयल एंड गैस, टेलिकॉम, पावर और कैपिटल गुड्स सेक्टर में खरीदारी की। लगातार तीसरे विदेशी निवेशकों ने आईटी सेक्टर के शेयरों में निवेश किया। इस दौरान उन्होंने 4,485 करोड़ रुपये की खरीदारी की। नवंबर से वे इस सेक्टर में 10,400 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं। ऑयल एंड गैस सेक्टर में उन्होंने 3,467 करोड़ रुपये का निवेश किया जबकि दिसंबर में 542 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। इसी तरह उन्होंने टेलिकॉम एंड पावर सेक्टर में पिछले महीने 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की खरीदारी की।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का बयान, कहा- एमएसपी से कम हुए सरसों के दाम, तो सरकार करेगी खरीद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि सरसों का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे जाता है, तो सरकार एमएसपी पर किसानों से इसकी खरीद करेगी। इसके लिए जरूरी व्यवस्था की गई है। केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन सत्र के दौरान मूल्य समर्थन योजना या पीएसएस के अंतर्गत सरसों की खरीद की तैयारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। यदि सरसों का दाम एमएसपी से नीचे जाता है तो सरकार ने किसानों से एमएसपी पर इसकी खरीद के लिए आवश्यक व्यवस्था की है। रबी विपणन सत्र (आरएमएस) के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसियों को पहले से ही मूल्य समर्थन योजना के तहत सरसों की खरीद के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। रबी विपणन सत्र-2023 के दौरान गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और असम राज्यों से मूल्य समर्थन योजना के तहत खरीद के लिए 28.24 लाख टन सरसों की मंजूरी दी गई थी। रबी विपणन सत्र 2024 के लिए भी सभी सरसों उत्पादक राज्यों को सूचित किया गया है कि यदि राज्य में सरसों का मौजूदा बाजार का दाम अधिसूचित एमएसपी से कम है तो पीएसएस के तहत सरसों की खरीद का प्रस्ताव समय पर भेजें। रबी विपणन सत्र-2024 के लिए सरसों का एमएसपी 5,650 रुपये प्रति क्विंटल है।

### जोमैटो को दिसंबर तिमाही में हुआ 138 करोड़ रुपए का फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाने-पीने के सामान की ऑनलाइन आपूर्ति करने वाले मंच जोमैटो लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 138 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 347 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था।

## एलआईसी का दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 49 प्रतिशत बढ़कर 9,444 करोड़ रुपए पर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 49 प्रतिशत बढ़कर 9,444 करोड़ रुपए हो गया। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,334 करोड़ रुपए रहा था। एलआईसी के निदेशक मंडल ने शेयरधारकों के लिए 10 रुपए के अंकित मूल्य पर 40 प्रतिशत यानी प्रति शेयर चार रुपए का लाभांश देने का भी फैसला किया है। लाभांश का भुगतान अगले 30 दिन में कर दिया जाएगा। एलआईसी कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में उसकी शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 1,17,017 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 1,11,788 करोड़ रुपए थी। एलआईसी की कुल आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 2,12,447 करोड़ रुपए हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,96,891 करोड़ रुपए रही थी।

## एसआईपी रिकॉर्ड ऊंचाई पर, जनवरी में 18,838 करोड़ रुपये आए, म्यूचुअल फंड में 1.23 लाख करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इक्विटी बाजार की तेजी में निवेशक म्यूचुअल फंड में जबरदस्त निवेश कर रहे हैं। म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिये निवेश रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। जनवरी में यह 18,838 करोड़ रुपये हो गया। दिसंबर में 17,610 करोड़ रहा था। एसआईपी में निवेशकों के निवेश का मूल्य यानी एयूएम 10.26 लाख करोड़ रुपये रहा जो दिसंबर में 9.95 लाख करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में एसआईपी की संख्या रिकॉर्ड 7.92 करोड़ रही है। दिसंबर में यह 7.63 करोड़ थी। जनवरी में नए एसआईपी खाते भी रिकॉर्ड बनाए। कुल 51.84 लाख खाते खोले गए। दिसंबर में 40.32 लाख खाते खोले गए थे। म्यूचुअल फंड उद्योग का औसत एयूएम जनवरी में रिकॉर्ड 52.74 लाख करोड़ रुपये रहा है जो दिसंबर में 51.09 लाख करोड़ रुपये था।



## सोनालीका ने 40-75 एचपी में 10 नए टाइगर हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों की बड़ी रेंज के साथ 2024 की शुरुआत की

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों और उनके शक्तिशाली तथा ईंधन कुशल इंजनों के साथ किसानों के प्रदर्शन को बढ़ाने में दृढ़ता से विश्वास रखता है। साल 2024 में कंपनी ने भारत में अपनी सर्वश्रेष्ठ उत्पाद सीरीज़ पेश कर दी है और 40 - 75 एचपी सेगमेंट में 10 नए टाइगर हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों की सबसे बड़ी रेंज लॉन्च कर के उत्साहित है। डिज़ाइन्ड इन यूरोप' इस नवीनतम रेंज में सोनालीका ने 5 नए इंजन विकल्प दिए हैं, जिसमें उद्योग के सबसे अच्छे और सबसे बड़े इंजन (सी आर डी एस और एच डी एम+), विभिन्न कृषि कार्यों के लिए 5 अलग-अलग मल्टी-स्पीड ट्रांसमिशन और 3 अलग-अलग उन्नत और इंटेलीजेंट 5जी हाइड्रोलिक्स शामिल हैं जिसमें 140+ से अधिक ऑटो सेटिंग्स उपलब्ध हैं। हैवी ड्यूटी इंजन का सही उपयोग किसानों के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन प्रदान करेगा क्योंकि यह शून्य आरपीएम ड्रॉप भी प्रदान करता है जिसके परिणामस्वरूप श्रेणी में सर्वोत्तम ईंधन लागत एवं बचत होती है। सोनालीका की नई रेंज से किसानों को ट्रैक्टर खरीद के दौरान कोई समझौता नहीं करना पड़ेगा (शून्य समझौता) जिससे कंपनी ने प्राइड ऑफ़ इंडिया के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है ।




## सीग्राम के रॉयल स्टैग ने रॉयल स्टैग बूमबॉक्स - जनरेशन लार्ज की ओरिजिनल साउंड के दूसरे संस्करण की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** लिविंग इट लार्ज की भावना का जश्न मनाते हुए, सीग्राम का रॉयल स्टैग पेश करता है अपनी तरह का अनूठा संगीत समारोह रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का दूसरा संस्करण, जहां बॉलीवुड की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली धुन हिप-हॉप की दिल धड़काने वाली बीट्स से मिलती हैं। 07 फरवरी 2024 को मुंबई में एक विशेष प्रीव्यू में, ब्रैंड ने रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के दूसरे संस्करण में मौजूद चीज़ों का अनावरण किया।

कई सालों से, संगीत इस ब्रैंड के लिए उपभोक्ताओं को जोड़ने का प्रमुख स्तंभ रहा है। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स आज की पीढ़ी के ओरिजिनल साउंड, जनरेशन लार्ज को बनाने के लिए संगीत उद्योग की दो अलग-अलग शैलियों, बॉलीवुड की धुन और हिप-हॉप की गली वाइब को साहसपूर्वक एक साथ लाता है। यह ऐसी ट्राइब है जो ट्रेंड का अनुसरण करने के बजाय ट्रेंड बनाने में रुचि रखती है; एक ट्राइब जो मन को छूने वाले अनुभवों की निरंतर खोज में रहती है। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का इरादा इस पीढ़ी को विरासत में मिले संगीत, बॉलीवुड स्कोर, और उन्हें अपनी सी लगने वाली शैली, हिप हॉप को ब्लेंड करते हुए, इस पीढ़ी की कल्पना को जगाने का है। परनोड रिकार्ड इंडिया के सीएमओ, कार्तिक मोहिंदरा ने कहा, संगीत और लाइव अनुभव लोगों को साथ लाते हैं और प्रफुल्लता के स्वाभाविक समर्थक हैं। रॉयल स्टैग संगीत को अपने प्रमुख यूथ पैशन पिलर के रूप में सेलिब्रेट करता रहेगा। इस ब्रैंड के लिव इट लार्ज स्वभाव और युवाओं के जुड़ाव को आगे बढ़ाते हुए; हम रॉयल स्टैग बूमबॉक्स के दूसरे संस्करण के लॉन्च को लेकर उत्साहित हैं।

## भारत के युवा बनाएंगे आज का भारत और नया भारत: राजीव चन्द्रशेखर

**नई दिल्ली, , एजेंसी।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के माननीय राज्यमंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर ने कुशल जनशक्ति के साथ बढ़ते लॉजिस्टिक्स सेक्टर को मजबूत करने के विज़न के साथ, संकल्प कार्यक्रम के अन्तर्गत पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में कार्यान्वित एक प्रोजेक्ट के पहले बैच के 11 उम्मीदवारों को सम्मानित किया। प्रोजेक्ट का कार्यान्वयन भागीदार, लॉजिस्टिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल (एलएससी), एक वर्ष के भीतर 960 उम्मीदवारों को वेयरहाउस मैनेजर, वेयरहाउस सुपरवाइजर और वेयरहाउस एसोसिएट जैसी नौकरी की भूमिकाओं में प्रशिक्षित करेगा, जिसमें सर्टिफिकेशन के बाद क्षेत्र के भीतर और उससे आगे प्लेसमेंट के अवसर होंगे।

पश्चिम बंगाल भारत में एक प्रमुख मानव संसाधन हब है, यहराज्य भारत में चौथा सबसे अधिक आबादी वाला और दूसरा सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है। इसमें शेष भारत के लिए प्रशिक्षित और गुणवत्तापूर्ण जनशक्ति का स्रोत बनने की क्षमता है। पश्चिम मेदिनीपुर जैसे संगठित रोजगार वृद्धि की महत्वपूर्ण गुंजाइश और कम व्यावसायिक प्रशिक्षण घनत्व वाले जिलों को बी2सी के साथ-साथ बी2बी व्यावसायिक प्रशिक्षण क्षेत्र में काम करने वाले निजी व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा लक्षित किया जा रहा है।




इस अवसर पर कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के माननीय राज्यमंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि, मैं आज सभी छात्रों को बधाई देना चाहता हूं, यह हमारे लिए उत्सव का क्षण है। आजादी के बाद यह पहली बार है कि जब नौकरियों और उद्यमिता की बात होती है तो युवा भारतीयों को इतने अभूतपूर्व अवसर मिले हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, हमने एक मॉडल बनाया है जिसमें जन प्रतिनिधियों, सरकार और उद्योग के बीच एक मजबूत साझेदारी शामिल है। यह पिछले 10 वर्षों में ऐसे प्रयासों के कारण है कि हम आज का भारत और नया भारत बनाने के लिए युवा भारतीयों को स्किल, रीस्किल और अपस्किल करने में सक्षम हुए हैं।

## द लीजेंड रीबॉर्न: काइनेटिक ग्रीन ने ई-लूना लॉन्च किया

### जो आइकॉनिक लूना का एक ऑल-इलेक्ट्रिक और स्टाइलिश अवतार है

**सतना, एजेंसी।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के अग्रणी निर्माता, काइनेटिक ग्रीन ने आज एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम में गर्व से बहुप्रतीक्षित ई-लूना पेश किया, जो उन्नत तकनीक और सुविधाओं के साथ एक स्टाइलिश, बहु-उपयोगी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन है। नई दिल्ली। प्रतिष्ठित लूना के इस बिल्कुल नए इलेक्ट्रिक संस्करण का अनावरण भारत सरकार के माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के हाथों, भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, डॉ. हनीफ कुरेशी, आईपीएस, के साथ किया गया। भारत सरकार, काइनेटिक ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. अरुण फिरोदिया और काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक और सीईओ सुश्री सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने इस महत्वपूर्ण अवसर को बहुत महत्व दिया। ई-लूना अद्वितीय बहुमुखी प्रतिभा के साथ एक अनूठी पेशकश के रूप में इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में खड़ा है। यह नवाचार का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि इसे व्यक्तिगत आवागमन और छोटे व्यवसायों के लिए विभिन्न अनुप्रयोगों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी उन्नत इलेक्ट्रिक तकनीक और नवीन विशेषताएं पर्यावरण के अनुकूल और अत्यधिक समकालीन सवारी अनुभव में योगदान करती हैं। ई-लूना एक हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर है जो 100 प्रतिशत डिजाइन, इंजीनियर और भारत में निर्मित है, जिसमें स्टाइलिश डिजाइन, अत्यधिक बहुमुखी अपील, अत्यधिक किफायती कीमत पर लंबे समय तक चलने वाले निर्माण के साथ-साथ उन्नत हरित तकनीक की पेशकश की गई है। कीमत। ई-लूना को इस दृष्टि से डिजाइन किया गया है कि केवल वर्ग ही नहीं, बल्कि आम जनता भी ईवी क्रांति में भाग ले और बड़ी बचत और शोर रहित, उत्सर्जन-मुक्त सवारी के ई-मोबिलिटी के लाभों से लाभान्वित हो। नई ई-लूना के स्टाइलिश डिज़ाइन के केंद्र में इसकी अनूठी, धातु के रंग की, दोहरी-ट्यूबलर, उच्च शक्ति वाली स्टील चेसिस है। यह हेवी-ड्यूटी चेसिस न केवल वाहन को मजबूती और स्थायित्व प्रदान करती है; लेकिन यह ई-लूना का अलग स्टाइलिंग तत्व भी है, जो इसे स्पोर्ट या नग्न मोटरसाइकिलों की तरह एक समकालीन लुक देता है। चेसिस ई-लूना को विभिन्न इलाकों में स्थिर सवारी प्रदान करने में सक्षम बनाती है। इसका बहु-उपयोगिता पहलू इसे न केवल व्यक्तिगत गतिशीलता के लिए बल्कि उल्लेखनीय 150 किलोग्राम पेलोड क्षमता के साथ एक व्यावसायिक भागीदार के रूप में भी कार्य करने की अनुमति देता है। ई-लूना में उन्नत 2.0 केडब्ल्यूएच लिथियम-आयन बैटरी पैक सहित कई प्रभावशाली विशेषताएं हैं, जो एक बार चार्ज करने पर 110 किमी की रेंज प्रदान करती है। ई-लूना वेरिएंट 1.7 केडब्ल्यूएच, 2.0 केडब्ल्यूएच और इसके बाद, 150 किमी प्रति चार्ज राइडिंग रेंज के साथ 3.0 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के विकल्प पेश करेगा, जो ग्राहकों को उनकी रेंज और कीमत की आवश्यकता के अनुसार ई-लूना चुनने के लिए सशक्त करेगा। ई-लूना की बैटरी कुशल थर्मल प्रबंधन के साथ उच्चतम सुरक्षा मानक को पूरा करती है।



# शमी अपनी बेटी आयरा को लेकर भावुक हुए, हसीन जहां पर ऊपर लगाए 'गंभीर' आरोप

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपनी बेटी आयरा के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने खुलासा किया कि उनकी अलग हो चुकी पत्नी हसीन जहां आयरा को उनसे अकसर बात नहीं करने देती हैं।

शमी ने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें अपनी बेटी की बहुत याद आती है और कोई भी अपना खून पीछे नहीं छोड़ सकता। शमी ने कहा, कौन अपने बच्चों और परिवार को याद नहीं करता।



जाहिर है, ऐसे हालात होते हैं जहां सब कुछ आपके हाथ में नहीं होता है। लेकिन अगर आप मुझसे पूछें कि क्या मैं उसे (बेटी) याद करता हूं, तो कोई भी अपना खून नहीं छोड़ सकता।

उन्होंने कहा कहा, मैं कभी-कभी उससे बात करता हूं। सब कुछ उन पर निर्भर करता है, अगर वह (हसीन जहां) अनुमति देती हैं तो मैं उनसे बात करता हूं। मैं अभी तक उससे नहीं मिला हूं। सिर्फ उसके अच्छे स्वास्थ्य और ढेर सारी सफलता की कामना करता हूं। जो भी हो रहा है उसकी मां और मेरे बीच, इससे कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए। मैं सुनिश्चित करता हूं कि वह स्वस्थ जीवन जी रही है।

# डेविड वार्नर के नाम दर्ज हुआ नया रिकॉर्ड, ऐसा करने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बने

**होबार्ट (एजेंसी)।** अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन में शामिल होने के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाले ऑस्ट्रेलिया के पहले खिलाड़ी बन गए। वार्नर टी-20 में अपना 100वां मैच खेलते हुए पूर्व कप्तान आरोन फिंच (103) और स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल (100) की सूची में शामिल हो गए और यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए। कुल मिलाकर वार्नर भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और न्यूजीलैंड के रॉस टेलर की विशिष्ट कंपनी में शामिल हो गए हैं और सभी प्रारूपों में अपने देश का 100 बार प्रतिनिधित्व करने वाले तीसरे व्यक्ति बन गए हैं।



# अच्छा होता अगर वह क्रिकेटर न बनता

## पारिवारिक कलह को लेकर रवींद्र जडेजा के पिता ने किए कई खुलासे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर रवींद्र जड़ेजा के पिता अनिरुद्ध सिंह जडेजा ने अपने बेटे और बहू रिवाबा जडेजा से अपने तनावपूर्ण रिश्ते का खुलासा करते हुए कहा है कि मेरा उनसे कोई लेना देना नहीं है।



अनिरुद्ध जड़ेजा ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा, मैं आपको सच बता दूं, मेरा रवि (रवींद्र जाडेजा) या उनकी पत्नी रिवाबा जडेजा से किसी भी तरह का कोई संबंध नहीं है। हम उन्हें नहीं बुलाते, और वे हमें नहीं बुलाते। रवि की शादी के दो-तीन महीने बाद ही विवाद होने लगे। फिलहाल मैं जामनगर में अकेला रहता हूं, रवींद्र अलग रहता है। इस इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा, पता नहीं पत्नी ने उस पर क्या जादू कर दिया है। वह मेरा बेटा है, मेरा कलेजा जलकर राख हो जाता है। इससे तो अच्छा होता कि वह शादी न करता। अच्छा होता अगर वह क्रिकेटर न बनता।

## सैफ महिला अंडर-19

# फुटबॉल चैंपियन पर विवाद




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पेनल्टी शूटआउट में भी स्कोर 11-11 रहने के बाद मैच का फैसला टॉस के आधार पर हुआ। टॉस भारत के पक्ष में रहा। जिसके बाद बांग्लादेश के फैन्स भड़क गए और उन्होंने पत्थर और बोतलें फेंकना शुरू कर दीं। इसके एक घंटे बाद भारत और बांग्लादेश को संयुक्त रूप से विजेता घोषित करने का फैसला किया गया।

### निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा

बांग्लादेश में खेले गए फाइनल में निर्धारित 90 मिनट में दोनों टीमें एक-एक गोल ही कर पाईं। जिसके बाद इसके बाद पेनल्टी शूटआउट हुआ, यह भी बराबरी पर रहा और गोलकीपरों सहित दोनों टीमों के सभी 11 खिलाड़ियों ने अपने पेनल्टी किक को गोल में बदल दिया। स्कोरलाइन 11-11 पर पहुंचने के बाद रेफरी पेनल्टी शूटआउट जारी रखने ही वाली थी, पर फ?िर उन्हें ऐसा न करने के लिए कहा गया। इसके बाद उन्होंने दोनों पक्षों के कप्तानों को बुलाया और टॉस उछाला। टॉस भारत जीतने में सफल रहा और उसने जश्न मनाना शुरू कर दिया।

### बांग्लादेशी फैन्स ने बोतलें फेंकनी शुरू कर दीं

भारत को विजेता घोषित किए जाने के बाद बांग्लादेशी फैन्स भड़क गए। वे ग्राउंड में बोतलें फेंकने लगे और नारेबाजी करने लगे। इसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों को सुरक्षित घेरे से बाहर निकाला गया।

### मैच कमिश्नर ने एक घंटे बाद फैसला बदल दिया

मामले की गंभीरता को देखते हुए ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित करने का प्रस्ताव रखा। जिसके बाद मैच कमिश्नर ने एक घंटे बाद दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया।

# ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में नेसर की वापसी

## न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पैट कमिंस ही कप्तानी करेंगे; टेस्ट सीरीज का पहला मैच 29 फरवरी से

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में माइकल नेसर की वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी बार दिसंबर 2022 में टेस्ट मैच खेला था। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (छ्र) ने अपनी टीम का ऐलान किया। टीम की कप्तानी पैट कमिंस ही करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया टीम 21 फरवरी से न्यूजीलैंड दौरे पर रहेगी। टीम यहां 3 टी-20 और 2 टेस्ट खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल वेस्टइंडीज के खिलाफ लिमिटेड ओवर्स सीरीज खेल रही है।



### मैट रेनशॉ भी टीम में शामिल

ऑस्ट्रेलिया की टीम में मैट रेनशॉ को भी जगह मिली है, उन्हें डेविड वॉर्नर के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया गया था। वॉर्नर ने पिछले महीने टेस्ट से संन्यास ले लिया था। हालांकि रेनशॉ को प्लेइंग इलेवन में जगह मिलेगी या नहीं यह देखने वाली बात होगी। रेनशॉ ने आखिरी बार फरवरी 2023 में टेस्ट मैच खेला था। इसके अलावा कैमरन ग्रीन और एलेक्स कैरी भी टीम का हिस्सा हैं।

ऑस्ट्रेलिया के सिलेक्टर जॉर्ज बेली ने कहा, माइकल नेसर के पिछले कुछ सालों के परफॉर्मेंस और न्यूजीलैंड की परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें एक और मौका दिया जा रहा है।

ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम- पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, माइकल नेसर, मैट रेनशॉ, स्टीव स्मिथ और मिचेल स्टार्क।

टी-20 के लिए ऑस्ट्रेलिया का स्क्वॉड- मिचेल मार्श (कप्तान), पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोयनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर और एडम जम्पा।

# कोरोना पॉजिटिव हुए मिचेल मार्श

## फिर भी वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टी-20 खेलेंगे, कैमरन ग्रीन ने संक्रमित होकर खेला था वनडे

**सिडनी (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की घरेलू सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श कोरोना संक्रमित हो गए हैं। इसकी पुष्टि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने



की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि मार्श सीरीज में टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्हें मैच के दौरान अलग ड्रेसिंग रूम में रखा जाएगा। इसके साथ ही वह ग्राउंड में खिलाड़ियों से दूरी बनाकर रखेंगे। ऑलराउडंर कैमरन ग्रीन भी पिछले दिनों कोरोना पॉजिटिव हो गए थे। उन्होंने संक्रमित होने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा लिया था।

**वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टी-20 मैच 9 फरवरी को-** टेस्ट और वनडे सीरीज के बाद तीन टी-20 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 9 फरवरी को होबर्ट में खेला जाएगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ मिचेल मार्श ही कप्तानी करेंगे

वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के बाद न्यूजीलैंड दौरे पर टी-20 सीरीज के लिए भी मिचेल मार्श को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को 21 फरवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टी-20 मैच खेलना है।

### वर्ल्ड कप में भी मार्श ही कर सकते हैं कप्तानी

जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया टीम वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ ही 2 सीरीज खेलेगी। दोनों ही सीरीज में मिचेल मार्श कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम की आखिरी सीरीज रहेगी। ऐसे में मार्श ही वर्ल्ड कप में भी कंगारू टीम की कमान संभाल सकते हैं।

# स्विट्जरलैंड के फ्रेंडशिप एंबेसडर बने नीरज चोपड़ा

## जंगफ्राउजोक में मशहूर आइस पैलेस में लगाई पट्टिका; चैंपियन बोले- सपने में भी नहीं सोचा था

**पानीपत (एजेंसी)।** भारत के ओलिंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा को स्विटजरलैंड के जंगफ्राउजोक में मशहूर आइस पैलेस में पट्टिका लगाकर सम्मानित किया गया। इस जगह की खास बात यह है कि यहां कई और स्टार खिलाड़ियों की पट्टिकाएं लगी हुई हैं। इसी के साथ ही नीरज को स्विट्जरलैंड के फ्रेंडशिप एंबेसडर भी बनाया गया है। वह भारत के एडवेंचर पसंद लोगों को स्विटजरलैंड के लिए प्रेरित करेंगे।



चोपड़ा की शानदार उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए स्विटजरलैंड पर्यटन ने एक बयान में कहा कि जंगफ्राउजोक ने स्मारक पट्टिका का अनावरण करने के लिए इस एथलीट का स्वागत किया। जंगफ्राउजोक को यूरोप का शिखर कहा जाता है।

चोपड़ा ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अपना एक भाला भी दिया और इसे पट्टिका के साथ ही रखा गया है। इस तरह वह रोजर फेडरर और गोल्फर रोरी मैकलरॉय जैसे स्टार खिलाड़ियों के साथ शामिल हो गए हैं, जिनकी भी आइस पैलेस में ऐसी पट्टिकाएं हैं।

### नीरज बोले- यूरोप के शिखर पर खड़ा होकर खुश हूं

चोपड़ा ने पट्टिका के अनावरण पर आभार व्यक्त करते हुए कहा, इस देश में मुझे जो प्यार और सराहना मिली है, उससे मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैंने सपने में इस शानदार आइस पैलेस में पट्टिका लगाए जाने के बारे में भी नहीं सोचा था, फिर भी मैं यहां हूं। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं जैसे मैं यूरोप के शिखर पर खड़ा हूं। चोपड़ा ने अपने भाला फेंकने के कौशल का प्रदर्शन करके आइस पैलेस में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चोपड़ा ने इससे पहले स्विटजरलैंड में ओलिंपिक संग्रहालय को एक भाला उपहार में दिया था।

# हॉकी खिलाड़ी वरुण कुमार ने फिच प्रो लीग से वापस लिया नाम, लगा है बलात्कार का आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पॉक्सो कानून के तहत बलात्कार के आरोपी और अर्जुन पुरस्कार विजेता भारतीय हॉकी खिलाड़ी वरुण कुमार ने इसे 'पैसे ऐंठने का सुनियोजित प्रयास' करार देते हुए अपने पर लगाए गए आरोपों के खिलाफ कानूनी विकल्प तलाशने के लिए भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग से नाम वापस ले लिया है।

हॉकी इंडिया ने इस 28 वर्षीय खिलाड़ी को तत्काल अवकाश दे दिया है क्योंकि इस खिलाड़ी ने कहा था कि इस घटना से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है। एक महिला ने आरोप लगाया है कि जब




वह नाबालिग थी तब वरुण ने कई बार उनका यौन उत्पीड़न किया, इसके बाद बेंगलुरु पुलिस ने इस हॉकी खिलाड़ी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। 22 वर्षीया महिला ने सोमवार को दायर अपनी शिकायत में कहा है कि वह 2018 में इंस्टाग्राम के जरिए वरुण के संपर्क में आई और जब वह 17 साल की थी तब इस खिलाड़ी ने शादी का झांसा देकर उनके साथ कई बार बलात्कार किया। वरुण ने हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की को लिखे पत्र में दावा किया है कि उनके खिलाफ दर्ज की गई शिकायत झूठी है और यह राज्य के सरकारी तंत्र का दुरुपयोग है।

# एसए 20 के फाइनल में पहुंची सुपरजायंट्स

## • क्वालिफायर-2 में जोबर्ग सुपरकिंग्स को 69 रन से हराया; हेनरिक क्लासन प्लेयर ऑफ द मैच

**जोहन्सबर्ग (एजेंसी)।** डरबन सुपरजायंट्स ने एसए 20 सीजन-2 के फाइनल में एंट्री कर ली है। टीम ने क्वालिफायर-2 में जोबर्ग सुपरकिंग्स को 69 रन से हराया। हेनरिक क्लासन ने 74 और वायन मुल्डर ने 50 रन की पारी खेली। क्लासेन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। जोहन्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में जोबर्ग सुपरकिंग्स ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। बल्लेबाजी करने उतरी डरबन सुपरजायंट्स ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 211 रन बनाए। सुपरकिंग्स की टीम 17.4 ओवर में 142 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

**सुपरजायंट्स के ओपनर ने अच्छी शुरुआत-** टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डरबन सुपरजायंट्स को ओपनर मैथ्यू ब्रीत्जके और क्विंटन डी कॉक ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 35 रन बनाए। मैथ्यू भी 3.6 ओवर में सैम कुक की गेंद पर एलबीडब्ल्यू होकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने 10 गेंदों पर 12 रन



बनाए। मैथ्यू के आउट होने के बाद सुपरजायंट्स को दूसरा झटका भी 2 रन के बाद ही लग गया। दूसरे ओपनर क्विंटन डी कॉक भी नरेंद्र बर्गर की गेंद पर बोल्ड हो गए।

**क्लासन और मुल्डर के बीच 101 रन की पार्टनरशिप-** हेनरिक क्लासन और मुल्डर के बीच 5वें विकेट के लिए 38 गेंदों पर 101 रन की पार्टनरशिप हुई। मुल्डर ने 23 गेंदों का सामना कर नाबाद 50 रन बनाए। वहीं क्लासन ने 30 गेंदों का सामना कर 74 रन की पारी खेली। इससे पहले क्लासन और भानुका राजपक्षे के बीच 31 गेंदों पर 43 रन की साझेदारी हुई।

**बर्गर और ब्रेसवेल को मिले 2-2 विकेट-** जोबर्ग सुपरकिंग्स के नरेंद्र बर्गर और डॉग ब्रेसवेल ने 2-2 विकेट लिए। वहीं सैम कुक को एक विकेट मिला।

**13 रन के अंदर गवां दिए 2 विकेट-** 212 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी जोबर्ग सुपरकिंग्स की खराब शुरुआत रही। किंग्स को पहला झटका 5 रन पर लगा। ओपनर फाफ डु प्लेसिस 1.3 ओवर में 7 गेंदों का सामना कर 3 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं 13 रन के स्कोर पर लीस डु प्लॉय भी पवेलियन लौट गए।

### मोईन अली और रीजा हेंड्रिक्स ने पारी को संभाला

मोईन अली और रीजा हेंड्रिक्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स की पारी को संभाला। दोनों के बीच 36 गेंदों पर 54 रन की साझेदारी हुई। रीजा हेंड्रिक्स ने 24 गेंदों पर 27 रन और मोईन अली ने 26 गेंदों पर 30 रन बनाए।

### जूनियर डाला ने लिए 4 विकेट

जोबर्ग सुपर किंग्स की ओर से जूनियर डाला ने 3.4 ओवर में 38 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं नवीन उल हक ने 4 ओवर में 27 रन देकर 2 विकेट लिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मिलिये मप्र के अल्टीमेट डेयरडेविल्स से, जो मोटर साइकिलों पर कीर्तिमान बना रहे

**भोपाल।** तैयार हो जाइए अपने इंजनों को गति देने के लिए जबलपुर स्थित कोर ऑफ सिग्नल्स के अल्टिमेट थ्रिल-सीकर्स, डेयरडेविल्स ऑन व्हील्स के साथ! यह चौंका देने वाली मोटरसाइकिल प्रदर्शन टीम, भारतीय सेना की गौरवशाली टुकड़ी है, जो अपने दिल दहला देने वाले स्टंट्स और सटीक विन्यास के साथ देशभर में मशहूर है। जानिए कैसे ये लोग अपनी पैंतरेबाज़ी में उत्कृष्टता और अनुशासन का अनूठा संतुलन बनाते हैं, ओएमजी! यह मेरा भारत के पहले एपिसोड में, जो प्रीमियर हो रहा हैइस मंगलवार, 12 फरवरी, रात 8 बजे हिस्ट्री टीवी18 पर। इस पाथब्रेकिंग अरिजनल फैक्चूअल एंटेरटैनमैंट सीरीज़ का लैंडमार्क दसवां सीजन भी हर मंगलवार रात 8 बजे दर्शकों का मनोरंजन करते हुए उन्हें प्रेरणा देने के वादे को निभाता है और ऐसे व्यक्तियों की दिलचस्प कहानियाँ प्रस्तुत करता है जिन्होंने अपनी अनोखी प्रतिभा, सामाजिक प्रभावी पहल, प्रौद्योगिकी नवाचार, रिकॉर्ड तोड़ कारनामों, अनोखी रुचियों और दिलचस्पी के साथ समाज में नई लहर पैदा की। अरिजनल गैंगस्टर्स (ओजी) के रूप में विख्यात इस मोटरसाइकिल प्रदर्शडिस्प्ले न टीम ने अपने अद्वितीय कौशल और अदम्य साहस के बल पर दिल दहला देने वाले प्रदर्शनों के साथ अब तक 25बार गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया है। लेकिन उनके कृत्य केवल स्टंट नहीं हैं; वे भारत के गर्व और शौर्य को श्रद्धांजलि हैं, इनका साहस और इनकी सटीकता भारतीय सेना को परिभाषित करती है। इन स्पीडमास्टर्स ने 24 शानदार विश्व रिकॉर्ड बनाकर इतिहास में अपने नाम लिख दिया है! जबलपुर के इन डेयरडेविल्स ऑन व्हील्स के शानदार प्रदर्शन का आनंद लीजिए, साथ ही देश भर की अन्य अद्भुत कहानियों का भी, जिसमें शामिल है आपके चिप्स के बैग को स्टाइलिश सनग्लासेस में बदलने वाला स्टार्ट-अप भी!

### छत्तीसगढ़ में देश का सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम

**रायपुर, एजेंसी।** देश में हरित ऊर्जा को प्रोत्साहित किया जा रहा है और उसी के चलते छत्तीसगढ़ में देश के सबसे बड़े बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम ने काम करना शुरु कर दिया है। इससे प्रतिदिन पांच लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन होगा और लगभग 4.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। राजनांदगांव जिले में डोंगरगढ़ रोड पर ग्राम ढ़ाबा के आस-पास के चार-पांच गांव के पहाड़ी क्षेत्र में स्थापित किया गया है। संयंत्र के साथ स्थापित बैटरी सिस्टम के माध्यम से रात्रि में भी बिजली की सुविधा रहेगी। इससे प्रतिदिन पांच लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन होगा और लगभग 4.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। इससे हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि क्रेडा द्वारा राजनांदगांव में ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट स्थापना का कार्य सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) एवं छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को सौंपा गया था। इस कंपनी द्वारा एक फरवरी 2024 को संयंत्र स्थापना कार्य पूर्ण कर लिया गया और उसने काम करना भी शुरु कर दिया है। यह देश का पहला ऑनग्रिड सोलर सिस्टम है, जिसमें 100 मेगावॉट का सोलर संयंत्र स्थापित किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में जोगी कांग्रेस के भाजपा में विलय की चर्चा तेज

**रायपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर जोगी कांग्रेस की चर्चा तेज हो गई है। चर्चा यह है कि आगामी लोकसभा के चुनाव से पहले जनता कांग्रेस जोगी का भारतीय जनता पार्टी के साथ विलय हो सकता है। वहीं बीते कुछ दिनों से प्रदेश में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम भी कुछ इस तरह के इशारे भी कर रहे हैं। बतादें कि बीते दिनों छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी के अध्यक्ष अमित जोगी ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। जिसके बाद से प्रदेश में जोगी कांग्रेस के भाजपा के जाने की भी हलचल तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्व अजीत जोगी ने प्रदेश में एक क्षेत्रीय दल की संभावनाओं के साथ ही छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी पार्टी बनाई थी। जिस तरह से प्रदेश में जोगी के नेतृत्व में जोगी कांग्रेस तेजी से आगे बड़ रही थी माना जा रहा था कि आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ में एक क्षेत्रीय दल तैयार हो जाएगा।

# महाराष्ट्र राज्यसभा चुनावों में चौथा उम्मदीवार उतार सकती है भाजपा

**मुंबई, एजेंसी।**
27 फरवरी को 15 राज्यों की कुल 56 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होना है। महाराष्ट्र की छह सीटें भी इसमें शामिल हैं। बीजेपी, शिव सेना और एनसीपी गठबंधन को इनमें से पांच सीटों पर जीत मिलने की उम्मीद है। बीजेपी ने इनमें से तीन सीटें अपने पास रखी हैं क्योंकि उसके पास तीन सांसद चुनने का ही संख्या बल है, जबकि एक-एक सीट एकनाथ शिंदे और अजित पवार की पार्टी को आवंटित की हैं। छठी सीट पर बीजेपी ने अपना ही चौथा उम्मीदवार खड़ा करने का प्लान बनाया है।

दरअसल, बीजेपी चौथा उम्मीदवार खड़ा कर इंडिया अलायंस खासकर कांग्रेस पार्टी में टूट कराना चाहती है। बीजेपी के चौथे उम्मीदवार से कांग्रेस



विधायकों में फूट हो सकती है और क्रॉस वोटिंग हो सकता है। बीजेपी को उम्मीद है कि लोकसभा चुनावों से ठीक पहले ऐसा कर विपक्ष के मनोबल को कमजोर किया जा सकता है। कांग्रेस नेता बाबा सिद्दीकी पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं और एनसीपी में शामिल होने के लिए तैयार हैं। हालांकि, उनके बेटे जीशान सद्दिीकी अभी भी मुंबई शहर के बांद्रा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक हैं। इस बीच, कहा जा रहा है कि मुंबई से एक और कांग्रेस विधायक भी पार्टी छोड़ने के लिए बातचीत कर रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले महीने पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा ने भी कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए थे। ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक, एक कांग्रेस नेता के अनुसार, एक दर्जन से अधिक कांग्रेस विधायक पार्टी आलाकमान के रुख से नाखुश चल रहे हैं। बीजेपी की नजर इन विधायकों पर है। कांग्रेस नेता ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि कई कांग्रेसी विधायक बीजेपी के संपर्क में हैं और अगर बीजेपी ने चौथा उम्मीदवार उतारा तो इससे कांग्रेस में फूट पड़ सकती है और कांग्रेस विधायक क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं। 2022 में भी बीजेपी ने तीन राज्यसभा सीटें जीती थीं, जबकि उसके पास केवल दो सांसद चुनने के लिए ही विधायक थे। उस चुनाव के 10 दिन बाद, बीजेपी पांच एमएलसी सीटें जीतने में भी कामयाब रही थी, जबकि उसके पास केवल चार स्थ्ष्ट चुनने का ही संख्याबल था।

## महाराष्ट्र में फेसबुक लाइव के दौरान गुंडे ने शिवसेना (यूबीटी) नेता को गोली मारकर खुदकुशी कर ली

**मुंबई, एजेंसी।** यहां गुरुवार शाम एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। प्रमुख शिवसेना (यूबीटी) नेता अभिषेक घोसालकर को फेसबुक लाइव के दौरान एक स्थानीय गुंडे व जुआरी मॉरिस नोरोन्हा ने गोली मार दी और बाद में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।


घोषालकर को बमुश्किल एक किलोमीटर दूर एलआईसी कॉलोनी के करुणा अस्पताल ले जाया गया, जहां गोली लगने के तुरंत बाद उन्होंने दम तोड़ दिया।

घटनाक्रम के अनुसार, नोरोन्हा ने घोसालकर को एक स्थानीय सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया था और फिर बोरीवली पश्चिम में आईसी कॉलोनी में अपने कार्यालय में 40 मिनट के लिए फेसबुक लाइव बातचीत की।

घोसालकर एक सोफे पर बैठे थे और स्थानीय नागरिक मुद्दों के बारे में तिपाई पर रखे मोबाइल फोन पर कुछ ऑनलाइन आगंतुकों से बात कर रहे थे।हमलावर, जो एक समय आसपास के क्षेत्र में %मॉरिस-भाई% के नाम से कुख्यात था, घोसालकर के पास आकर थोड़ी देर के लिए बैठा। मॉरिस के बाहर निकलने के लिए उठने से पहले उसने कैमरे के सामने गर्मजोशी से बातचीत की।लाइव सोशल मीडिया शो समाप्त करते हुए घोसालकर ने कहा, भगवान आपका भला करें, हम बाहर जाएंगे। वह सोफे से खड़े हुए, तभी मॉरिस अचानक वापस आया, उसने रिवॉल्वर निकाली और उन पर कम से कम तीन राउंड गोलियां चलाई।अचानक हुए हमले से अनभिज्ञ घोसालकर को चिल्लाते हुए, आगे की ओर लड़खड़ाते हुए और गिरते हुए देखा जा सकता है।

## सड़क पर पुलिस वाले के बेटे का स्टंट, पकड़ने पर एसीपी-इंस्पेक्टर को कुचलने की कोशिश; अब तक नहीं हुआ अरेस्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर लाइक्स पाने के लिए आजकल लोग कुछ भी कर जाते हैं। खतरनाक स्टंट से लेकर जान जोखिम में डालने तक से भी उन्हें गुरेज नहीं होता। गुरुग्राम में ऐसा ही एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक पुलिस अधिकारी के बेटे ने स्टंट करते हुए एसीपी और इंस्पेक्टर को टक्कर मार दी। उन्हें कुचलने की कोशिश की और मौके से भागने में सफल रहा। यह घटना 16 जनवरी को आरोपी के पुलिस अधिकारी पिता के सामने घटी। अगले दिन इसे लेकर केस दर्ज किया गया लेकिन अबतक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एसीपी (क्राइम) वरुण दहिया और क्राइम ब्रांच के एक इंस्पेक्टर 16 जनवरी की रात को छापेमारी करने जा रहे थे, तभी उन्हें गढ़ी हरसरू इलाके में स्कॉर्पियो में स्टंट करते हुए आरोपी और उसके दोस्त दिखाई दिए। गुरूग्राम के एसीपी और इंस्पेक्टर ने स्कॉर्पियो को रोका, उस युवक को हिरासत में लिया और उसके पिता, एक विशेष पुलिस अधिकारी को इसके बारे में सूचित किया। युवक के पिता मौके पर पहुंचे और उसे दो-चार थप्पड़ जड़ दिए। एक अधिकारी ने कहा, गुस्से में युवक स्कॉर्पियो पर चढ़ गया, इंजन चालू कर दिया। इतना ही नहीं दहिया और इंस्पेक्टर को कुचलने के मकसद से उनकी ओर तेजी से कार लेकर आया। दोनों पुलिस अधिकारी पीछे हटने में कामयाब रहे लेकिन एसयूवी की चपेट में आने से वे घायल हो गए, जबकि आरोपी युवक तेजी से भाग गया। दहिया ने कहा कि 17 जनवरी को गुड़गांव सेक्टर 10 पुलिस



स्टेशन में पहली एफआईआर दर्ज की गई और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। उन्होंने आरोपी युवक की पहचान उजागर नहीं की। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर स्टंट करते हुए युवक और उसके दोस्तों के पहले भी वीडियो वायरल हो चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि वह एक आदतन अपराधी है। एक वायरल वीडियो में, जिसमें पंजाबी और हरियाणवी गानों का साउंडट्रैक है, एक फॉर्च्यूनर तीन लेन की सड़क के बीच में रिवर्स गियर में तेजी से दौड़ती हुई दिखाई देती है।

## हंगामे के बीच एमसीडी ने पास किया 16 हजार करोड़ का बजट, सड़क निर्माण और सफाई पर जोर

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए दिल्ली नगर निगम ने 16 हजार करोड़ का बजट गुरुवार को सदन में पेश किया। विपक्षी पार्षदों के हंगामे के बीच नेता सदन अपना भाषण पूरा नहीं कर सके। बजट के बाद महापौर शैली ओबरॉय, नेता सदन मुकेश गोयल और डिप्टी मेयर आलो मोहम्मद इकबाल ने प्रेस वार्ता में इसे ऐतिहासिक दिन बताया। कहा कि करीब 16 हजार करोड का बजट विकास कार्यों के लिए पास किया गया है।

तीन दिन तक चले बजट सत्र में लगातार हंगामा होता रहा। आप ने हंगामे के बीच बजट पास होने को बड़ी उपलब्धि बताया है। सड़कों के रखरखाव पर करीब एक हजार करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसके अलावा कचरा प्रबंधन पर चार सौ करोड़ और पांच सौ करोड़ का मेयर डिस्क्रीशनरी फंड रखा गया है।



बजट में अलग से महापौर फंड का प्रावधान किया है। नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि महापौर फंड में पांच सौ करोड़ रुपये रखे गए हैं। यह वह पैसा है जो पहले से आवंटित अन्य मदों में खर्च नहीं किया गया।

### नौकरीपेशा लोगों को राहत

बजट में नेता सदन मुकेश गोयल ने कोई भी नया कर न लगाने की घोषणा की है। इससे निगमायुक्त द्वारा 9 दिसंबर को पेश किए गए बजट में प्रस्तावित पेशेवर कर लगाने के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया है।

### असंवैधानिक तरीके से पास किया गया

दिल्ली भाजपा ने आरोप लगाया है कि निगम में गुरुवार को असंवैधानिक तरीके से बजट पास किया गया। मेयर ने स्टैंडिंग कमेटी, वार्ड व एजुकेशन समेत सभी कमेटियों की शक्तियां अपने पास रखकर गैनकानूनी तरीके से बजट पास किया है, जिसका भाजपा सख्त तरीके से विरोध करती है। उधर, कार्रवाई की मांग को लेकर भाजपा एलजी कार्यालय पहुंच गई है।

### आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट

सीएम अरविंज केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की साफ-सफाई समेत कर्मचारियों, व्यापारियों और समस्त दिल्लीवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट दिल्ली नगर निगम सदन में पास हुआ। इस शानदार बजट के लिए मैं सभी दिल्लीवासियों को बधाई देता हूं। हमें मिलकर दिल्ली को एक साफ-स्वच्छ और सुंदर शहर बनाना है।

## याददाश्त कमजोर बताए जाने पर भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन, बोले- मेरी मानसिक क्षमताएं एक दम सही

**वॉशिंगटन, एजेंसी**
अमेरिका में कुछ ही महीनों में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। इस बीच गुरुवार को आई रिपोर्ट में राष्ट्रपति जो बाइडन को गोपनीय दस्तावेजों के दुरुपयोग मामले में राहत मिली है। हालांकि, रिपोर्ट में उन्हें अच्छे इरादे और कमजोर याददाश्त वाला बुजुर्ग व्यक्ति भी बताया गया। इस तीखी टिप्पणी से गुस्साए और भावुक अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी याददाश्त का बचाव किया। बाइडन व्हाइट हाउस से लाइव टेलीविजन पर आए और उन्होंने कहा कि उनकी याददाश्त सही है। इस दौरान राष्ट्रपति बेहद गुस्से में दिखाई दे रहे थे।

बता दें, रिपोर्ट में वकील रॉबर्ट हूर ने कहा था कि राष्ट्रपति को इतनी कमजोर मानसिक क्षमताओं वाला पाया गया कि उन्हें बराक ओबामा सरकार में अपने उप राष्ट्रपति पद की तारीखें और 2015 में अपने बेटे ब्यू की कैंसर से मौत की तारीखें तक याद नहीं है। विशेष वकील रॉबर्ट हर की रिपोर्ट बाइडन के लिए अच्छी खबर होनी चाहिए थी। लेकिन हूर ने कहा कि बाइडन की याददाश्त को देखते हुए जूरी किसी भी मामले में उन्हें दस्तावेजों के आरोपों में दोषी नहीं मानेगी। इस पर गुस्साए राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी याददाश्त एक दम सही है। उन्होंने कहा कि मुझे याद नहीं है कि मेरे बेटे की मृत्यु कब हुई, ऐसा कहने की किसी की हिम्मत भी कैसे हुई? बाइडन ने आगे पत्रकारों से कहा, मुझे किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि मेरे बेटे का निधन कब हुआ था। मैंने गोपनीय दस्तावेजों को संभालने में कोई कानून नहीं तोड़ा है। मैं अच्छी तरह से सार्थक हूं और मैं एक बुजुर्ग व्यक्ति हूं।

## स्कूल कैफेटेरिया में बेटे के साथ लंच करने पहुंचे माता-पिता गिरफ्तार, लोग बोले- प्रिंसिपल को बर्खास्त करो

**वाशिंगटन, एजेंसी**
अमेरिका के एक स्कूल में हैरान करने वाला वाकया हुआ है। दरअसल स्कूल में पैरेंट टीचर मीटिंग के बाद एक बच्चे के माता-पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन पर अपने बेटे के साथ स्कूल के कैफैटेरिया में बिना इजाजत प्रवेश करने का आरोप है। अभिभावक पर कथित तौर पर अपने बेटे के साथ दोपहर का भोजन करने के लिए कैफेटेरिया गए थे। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, यह घटना बुधवार को कैलिफोर्निया एरिया स्कूल डिस्ट्रिक्ट में हुई। रिपोर्ट के अनुसार स्कूल के एक बच्चे के माता-पिता पैरेंट टीचर मीटिंग के लिए आए थे। जब उन्होंने स्कूल कैफेटेरिया में प्रवेश किया और अपने बेटे के साथ दोपहर का भोजन करने की कोशिश की तो उन्हें निर्देशों की अवहेलना के कारण गिरफ्तार कर लिया गया। कैलिफोर्निया एरिया स्कूल जिला अधीक्षक लौरा जैकब ने कहा कि अभिभावक ने पैरेंट टीचर कॉन्फ्रेंस रूम के सभी निर्देशों की अवहेलना की और अंततः उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

फेसबुक पर साझा किए गए एक



बयान में, लौरा जैकब ने कहा, माता-पिता ने पैरेंट टीचर कॉन्फ्रेंस रूम के सभी निर्देशों की अवहेलना की और अपने बेटे के साथ दोपहर का भोजन करने के लिए कैफेटेरिया जाने लगे। जो दिशा-निर्देशों के विपरीत था। उसके बाद स्कूल के प्रिंसिपल और स्कूल पुलिस अधिकारी के आगे के निर्देशों पर उस बच्चे के माता-पिता को इमारत से बाहर ले जाया गया, हथकड़ी लगाई गई और अतिरिक्त पुलिस सहायता के साथ गिरफ्तार किया गया।

इस बीच, फेसबुक पर, इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने गिरफ्तारी को हास्यास्पद कहा। उन्होंने कहा, यह हास्यास्पद है! वे एक माता-पिता हैं, अजनबी नहीं! एक यूजर ने लिखा, इस प्रिंसिपल को बर्खास्त करने की जरूरत है। एक माता-पिता को अपने बच्चे के साथ दोपहर का भोजन करने की कोशिश करने के लिए गिरफ्तार किया गया। ये सरकारी कर्मचारी नियंत्रण से बाहर हैं।

## कुल्हाड़ी-चाकू के बल पर ट्रेन हाईजैक की कोशिश, व्हाट्सएप से पुलिस को बताया

**सिंगापुर, एजेंसी**
स्विट्जरलैंड में एक ट्रेन को बंधक बनाने की कोशिश का मामला सामने आया है। यहां गुरुवार रात एक व्यक्ति ने ट्रेन को बंधक बनाने की कोशिश की। हालांकि, कुछ घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने संदिग्ध को मार गिराया और बंधकों को सुरक्षित मुक्त करा लिया।

वाउद कैंटन पुलिस के प्रवक्ता जीन-क्रिस्टोफ सौटेरेल ने बताया कि संदिग्ध के पास एक कुल्हाड़ी और चाकू था। वह फारसी तथा अंग्रेजी बोल रहा था। फिलहाल, बंधक बनाने वाले की पहचान की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और जांच की जा रही है। इसके अलावा, अभी अपराधी के ट्रेन को बंधक बनाने के कारण का पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि, संदिग्ध ने एक पुलिस अधिकारी पर कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था, जिसके जवाब में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई।

कुल 15 बंधकों, जिसमें 14 यात्री और कंडक्टर शामिल था, को शाम 6:35 बजे से रात 10:30 बजे तक लगभग चार घंटे तक कैद में रखा गया। संदिग्ध ने यवरडोन के पास ट्रेन रुकवाई और कंडक्टर को यात्रियों में शामिल होने के लिए मजबूर किया। हालांकि, कंडक्टर ने तब तक पुलिस को स्थिति के बारे में सतर्क कर दिया था। बाद में पुलिस ने संदिग्ध से व्हाट्सएप पर बातचीत की। उसके फारसी और अंग्रेजी बोलने के कारण ईरान में प्रमुख भाषा फारसी बोलने वाले अनुवादक की मदद ली गई।

# राष्ट्रपति चुनाव के लिए ट्रंप की एक और कामयाबी, नेवादा में रिपब्लिकन उम्मीदवारी की पहली रेस जीते

**वॉशिंगटन, एजेंसी**
अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की रेस जीतते जा रहे हैं। दरअसल, नेवादा में रिपब्लिकन पार्टी का कॉकस का आयोजन किया गया। इस कॉकस के नतीजों में डोनाल्ड ट्रंप को जीत मिली है। इस जीत ने उन अनुमानों को और मजबूत कर दिया है, जिनमें कहा जा रहा था कि जो बाइडन को एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप की चुनौती का ही सामना करना पड़ेगा।

2020 में बाइडन जीते थे

साल 2020 में जब आम चुनाव हुआ था, तब राष्ट्रपति जो बाइडन ने 18 लाख पंजीकृत मतदाताओं वाले राज्य में केवल 50.1 फीसदी वोट या 33,000 से थोड़े अधिक वोटों के साथ यहां जीत दर्ज की थी। डेमोक्रेट्स पिछले चार राष्ट्रपति चुनावों में नेवादा में जीत चुका है। लेकिन 2022 में एक रिपब्लिकन जो लोम्बार्डो को गवर्नर चुना गया था। हालांकि, लोम्बार्डो पहले ही राष्ट्रपति पद के लिए ट्रंप का समर्थन कर चुके हैं। नेवादा रिपब्लिकन पार्टी गुरुवार के कॉकस के परिणामों के आधार पर 26 प्रतिनिधियों को पुरस्कार देगी। यहां पहले से उम्मीद की जा रही कि डोनाल्ड ट्रंप ही



जीतेंगे। मंगलवार को ट्रंप के सामने एकमात्र चुनौती मानी जाने वालीं दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली को प्राथमिकी में हार का सामना करना पड़ा।

हेली मतपत्र पर एकमात्र रिपब्लिकन उम्मीदवार थीं, लेकिन नेवादा जीओपी मतदाताओं के पास इन उम्मीदवारों में से कोई भी नहीं के लिए मतदान करने का विकल्प था और उन्होंने ऐसा ही किया। मतदान करने वाले लगभग 200,000 लोगों में से 63 फीसदी ने किसी के लिए नहीं मतदान किया।

## अमेरिकी-ब्रिटिश हवाई हमलों से हौथी की सैन्य क्षमताओं पर असर नहीं

**सना, एजेंसी**
यमन के हौथी समूह के नेता अब्दुलमलिक अल-हौथी ने कहा है कि उनके समूह के खिलाफ अमेरिकी-ब्रिटिश गठबंधन के हवाई हमलों से उनकी सैन्य क्षमताओं पर कोई असर नहीं पड़ा है।

समूह के टीवी चैनल अल-मसीरा द्वारा प्रसारित एक टेलीविज़न भाषण में उन्होंने गुरुवार को कहा, इस सप्ताह हमारे देश (समूह के शिविरों) पर अमेरिकी-ब्रिटिश गठबंधन की ओर 86 हमले हुए, लेकिन इससे हमारी सशस्त्र क्षमता प्रभावित या सीमित नहीं हुई। लाल सागर और अदन की खाड़ी में हमारे मिसाइल हमले जारी रहेंगे। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने हौथी के हवाले से कहा कि समूह के हमले तभी रुकेंगे जब अमेरिका, ब्रिटेन और इज़राइल गाजा पट्टी के फिलिस्तीनी क्षेत्र में भोजन और दवा की पहुंच की अनुमति देंगे और फिलिस्तीनियों पर हमले रोकेंगे।

हौथी समूह ने पिछले साल नवंबर के मध्य से लाल सागर से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों पर दर्जनों हमले किए हैं। इन हमलों ने लाल सागर और स्वेज़ नहर में अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग की आवाजाही को बाधित कर दिया है, कई जहाजों को नुकसान पहुंचाया है, और कई को अफ्रीकी महाद्वीप के आसपास फिर से रास्ता बनाने के लिए मजबूर किया है, इससे यूरोप में शिपिंग कीमतों में वृद्धि हुई है। जवाब में, अमेरिकी-ब्रिटिश समुद्री गठबंधन ने समूह को वाणिज्यिक जहाजों और अमेरिकी व ब्रिटिश नौसेना जहाजों पर हमले रोकने के प्रयास में जवाबी हमला किया, लेकिन हौथी ने अपनी कार्रवाई और तेज कर दी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129